दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। मंगलवार 03 जून-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 164 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## चांदनी चौक के ज्वैलरी शोरूम में 35 लाख की लूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में एक बड़ी वारदात हुई है। यहां स्थित ज्वेलरी शोरूम में दिनदहाड़े बदमाशों ने फायरिंग की, फिर ज्वेलरी शॉप से 35 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद ज्वेलरी शोरूम मालिक ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार, चांदनी चौक के कटरा नील के सामने ज्वेलरी का शोरूम है। शोरूम में आज दोपहर के समय अचानक फायरिंग होने लगी। जानकारी मिली कि कुछ बदमाश ज्वेलरी शोरूम में हथियार लेकर घुस गए और डराने-धमकाने लगे। इस दौरान एक बदमाश शोरूम के कैशियर विक्की जैन के पास गया और 35 लाख रुपए लूटकर साथियों के साथ फरार हो गया।



**पुलिस ने शोरूम में की जांच-पड़ताल :** वहीं लूट के बाद शोरूम के मालिक ने आनन-फानन में पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 14.30 बजे कटरा नील, चांदनी चौक में लूट के संबंध में एक पीसीआर कॉल थाना लाहौरी गेट में प्राप्त हुई।

**शोरूम के कैशियर से लूटे 35 लाख रुपए :** मौके पर एक पुलिस टीम पहुंची। मौके पर मौजूद शोरूम कैशियर विक्की जैन (40) ने घटना की जानकारी दी। जांच के दौरान विक्की के ऑफिस का दरवाजा टूटा पया गया। विक्की जैन ने बताया कि दो व्यक्ति उसके ऑफिस में आए और कांच के दरवाजे पर गोली चलाकर करीब 35 लाख लूट लिए। इस दौरान उनके साथ एक और शख्स था, जो सीढ़ियों से नीचे खड़ा था।

वहीं पुलिस का कहना है कि शोरूम में जांच-पड़ताल की गई है। शोरूम मालिक ने 35 लाख रुपए की लूट की बात बताई है। तीन बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों की तलाश की जा रही है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने की विकास की बात सीधी

## डाक बंगले पर बुला लिए डीएम-नगर आयुक्त और जीडीए वीसी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुनील शर्मा देश की सबसे बड़ी विधानसभा से विधायक हैं और अब वो सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद अभी तक वो अपनी विधानसभा में मंडलों के गठन पर फोकस कर रहे थे, वो पूर्वांचल और उत्तरांचल के लोगों के साथ संवाद कायम कर रहे थे। अभी तक उनका कैबिनेट मंत्री वाला अंदाज सामने नहीं आया था।

उन्होंने अधिकारी घर नहीं बुलाए थे, वो अधिकारियों के साथ कोई बैठक करते नजर नहीं आए थे, लेकिन सोमवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का मंत्री वाला अंदाज सामने आया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एक बैठक बुलाई और इस बैठक में उन्होंने जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और जीडीए वीसी से बात की। इस मीटिंग में अधिकारियों की मौजूदगी से जो जाहिर था कि कैबिनेट मंत्री ने जिले की लॉ एण्ड ऑर्डर स्थिति से लेकर विकास के हर पहलू पर चर्चा की है। सुनील शर्मा ने जिले में चल रहे विकास कार्यों और सरकारी विभागों में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगित को लेकर ये बैठक बुलाई थी। इस बैठक में डीएम गाजियाबाद, जीडीए वीसी और नगरायुक्त के साथ-साथ नगर पालिका परिषद खोड़ा, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, यूपीसीडा विभाग, जल निगम, डूडा, समाज कल्याण, सिंचाई विभाग वार्ड नियंत्रण तथा बाल विकास पुष्टाहार के अधिकारी मौजूद थे।





### हर पात्र व्यक्त को मिले सरकार की योजनाओं का लाभ: सुनील शर्मा

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में चल रहे विकास कार्यों और जनपद में संचालित योजनाओं की प्रगति में और तेजी लाई जाए, जिससे जनपद का शीघ्र-अतिशीघ्र चहुंमुखी विकास हो और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य सबका साथ-सबका विकास है। सबका विश्वास-सबका प्रयास है। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सके, हम सबका यही प्रयास होना चाहिए।

### नालों की सफाई, सीवर लाइन और पार्क के सौंदर्यीकरण के दिये निर्देश

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अधिकारियों की बैठक ली और इस बैठक में उन्होंने जीडीए उपाध्यक्ष से मोहन नगर चौराहे के सौंदर्यीकरण, फुटओवर ब्रिज पर एस्केलटर पर चर्चा की। तुलसी निकेतन के जर्जर मकानों पुनिर्माण और राममनोहर लोहिया पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु निर्देश दिये। उन्होंने जीडीए उपाध्यक्ष को राजनगर एक्सटेंशन में नालों की साफ-सफाई और सड़कों के निर्माण कार्य हेतु भी निर्देश दिये। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि बारिश से पूर्व नालों की साफ-सफाई का कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिससे तुलसी निकेतन बृजविहार, साहिबाबाद अंडरपास और अन्य स्थानों पर जलभराव ना हो।

### सरकारी स्कूल के ऑपरेशन कायाकल्प से लेकर सरकारी अस्पताल को लेकर दिये निर्देश

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने खोड़ा नगर पालिका के दो सरकारी स्कूलों को ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत शामिल करने तथा नलकूप लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने खोड़ा में निर्मित सरकारी अस्पताल को जल्द हस्तांतरण के निर्देश दिये। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बिना लाइसेंस चल रही मांस की दुकानों के संचालन पर कार्यवाही के भी निर्देश दिये।

### मकनपुर की सीवर लाइन और सौर ऊर्जा मार्ग को लेकर दिये गये निर्देश

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने नगर आयुक्त से इंदिरापुरम-मकनपुर में सीवर लाइन तथा पानी की लाइन डालने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने यूपीसीडा को सौर ऊर्जा मार्ग के सौंदर्यीकरण तथा बृजविहार के फ्लाई ओवर के निर्माण हेतु निर्देशित किया।

## बकरीद को लेकर कमिश्नरेट पुलिस हुई अलर्ट

### डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों ने की थानों में पीस कमेटी की बैठक

**- सार्वजनिक स्थानों पर नहीं होने दी जाएगी पशु कुर्बानी**

**- मौलवी और मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों से अपील, भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में बकरीद के त्यौहार को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने सोमवार से अपनी तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को सिटी से लेकर देहात और ट्रांस हिंडन के अलग-अलग थानों और एसीपी स्तर के अधिकारियों के साथ ही खुद डीसीपी ग्रामीण ने मसूरी थाने में बैठक की। बैठक का मकसद सभी इलाकों में शांतिपूर्वक बकरीद के त्यौहार को संपन्न कराना है।

साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी ना होने देना। वहीं किसी भी प्रकार की अफवाह एवं सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो, वीडियो और मैटर को रोकने को लेकर चेतावनी जारी की गई है।

इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौलवी, मौलाना और मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों के साथ ही गांव में प्रमुख राजनीतिक लोगों से भी बातचीत की गई है कि बकरीद का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाए। इस दौरान सोशल मीडिया से लेकर शरारती तत्वों पर भी नजर रखने का निर्देश जारी किया गया है।





### मसूरी, सिहानी गेट और घंटाघर कोतवाली में भी की गई पीस कमेटी की बैठक

करंट क्राइम : सोमवार से बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस कड़ी में डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी खुद मसूरी थाने में मौजूद रहे। साथ ही मसूरी थाना प्रभारी अजय कुमार ने इलाके की सभी प्रमुख मस्जिदों के प्रमुख मौलवी इलाके के संभ्रांत लोग और अन्य लोगों को बुलाकर बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्वक बनाने के लिए मीटिंग की। इस मीटिंग में कहा गया है कि शरारती तत्वों पर नजर रखी जाए। साथ ही कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर कुबार्नी ना दे। कुबार्नी का कोई वीडियो या सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड ना की जाए। इसके साथ ही जो प्रतिबंधित पशु हैं उनको भी ना काटा जाए। इस दौरान पीस कमेटी में पहुंचे लोगों ने इलाके में साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और बिजली पानी की आपूर्ति ठीक प्रकार से किए जाने को लेकर अधिकारियों से निवेदन किया है। घंटाघर कोतवाली में जहां सिविल डिफेंस के पदाधिकारी और पुलिस की टीम ने बैठक की है। तो इसमें एसीपी घंटाकर कोतवाली रितेश त्रिपोठी, एसएचओ अनुराग सहित अन्य पुलिस टीम रही। तो वही सिहानी गेट थानाक्षेत्र में भी बकरीद को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए बैठक आयोजित की गई।

### ड्रोन से रखी जाएगी निगरानी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने जानकारी दी है कि बकरीद के त्यौहार के मद्देनजर दो दिन पहले ही पुलिस



कमिश्नरेट के तीनों जोन में ड्रोन कैमरे के जरिए संवेदनशील इलाकों में वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इसके साथ ही सभी प्रमुख थानाक्षेत्रों में जहां संघन और मुस्लिम आबादी अधिक है, वहां पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को संवेदनशीलता बरतने और किसी भी सूचना पर तत्काल एक्शन लेने का निर्देश भी जारी कर दिया गया है। एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने कहा है कि ड्रोन की निगरानी के साथ ही पुलिस की सोशल मीडिया टीम को सोशल मीडिया अकाउंट्स पर आपत्तिजनक सामग्री पर निगरानी एवं उनको रोकने का निर्देश दिया गया है।

## पूर्व मेयर ने पूर्व मेयर को रोककर रख दिये दिल के जज्बात

### कहा- निगम ने जो बढ़ाया है हाउस टैक्स उसे नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स में वृद्धि को लेकर मोर्चा भाजपा के भीतर खुला है। भाजपा के तीन पूर्व वरिष्ठ पार्षदों ने सबसे पहले मोर्चा खोला। तीनों ही पार्षद एक्ट के जानकार माने जाते हैं। इनमें से पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने तो यहां तक कहा कि जनता माफ नहीं करेगी। पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल ने हाईकोर्ट में रिट दाखिल की और फिर नगर निगम के 40 पार्षदों ने निगम के भीतर ही बैठक कर हाउस टैक्स के विरोध की रणनीति बनाई। व्यापार मंडल भी हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में है और अब इस मामले में मोर्चा पूर्व मेयर खोलेंगे। यहां रोचक बात ये है कि दोनों ही पूर्व मेयर भाजपा के हैं और एक पूर्व मेयर ने तो दूसरे पूर्व मेयर को रोककर ये कह दिया कि नगर निगम ने जो हाउस टैक्स बढ़ाया है उसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामला एक शोकसभा का है जहां पूर्व मेयर अशु वर्मा और पूर्व मेयर आशा शर्मा भी श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे थे। हाउस टैक्स वृद्धि को लेकर ये दोनों ही पूर्व मेयर अभी तक साइलेंट मोड पर हैं, लेकिन ये साइलेंस सोमवार को शोकसभा के बाहर ब्रेक होता दिखाई दिया।

दैनिक करंट क्राइम ने ये देखा कि भाजपा के दोनों पूर्व मेयर एक साथ बाहर निकले। यहां पर पूर्व मेयर अशु वर्मा ने पूर्व मेयर आशा शर्मा को रोका। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि नगर निगम ने दो गुणा हाउस टैक्स बढ़ा दिया। मैं इसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करूंगा। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने साफ कहा कि दोगुनी वृद्धि का विरोध होगा और कर से जुड़े अधिकारी कितनी आसानी से इस बात को कह रहे हैं कि हमने दो गुणा कर बढ़ाया है। दो गुणा का मतलब एक दम से डबल बोझ पड़ना है। दोहरी कर वृद्धि का बोझ जनता पर पड़ेगा और हमारी समझ से बाहर है कि आम जनता इस दोगुने बोझ को कैसे वहन करेगी। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने जब ये बात कही तो पूर्व मेयर आशा शर्मा ने भी इस बात पर सहमति जताई। उन्होंने पूर्व मेयर अशु वर्मा के कथन को सही बताते हुए कहा कि आप सही कह रहे हैं और उन्होंने अपनी सहमति भी जताई। अभी तक तो भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षद हाउस टैक्स में वृद्धि का विरोध कर रहे थे। अभी तक तो भाजपा के वर्तमान पार्षद हाउस टैक्स में वृद्धि का विरोध कर रहे थे और अब भाजपा के पूर्व मेयर भी हाउस टैक्स में हुई वृद्धि के विरोध में आ गए हैं।



**पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि नगर निगम ने दो गुणा हाउस टैक्स बढ़ा दिया। मैं इसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करूंगा। पूर्व मेयर आशा शर्मा ने भी इस बात पर सहमति जताई।**

## स्वागत करने वालों के धरे रह गए सारे इंतजाम

### सांसद अतुल गर्ग ने कर दिया कैंसिल वैलकम वाला प्रोग्राम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भारतीय सांसद प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में तीन देशों की यात्रा पर विदेश गए थे। वो एक जून को वापस लौट आए। इस दौरान उन्होंने तीनों देशों में आतंकवाद को पोषित करने में पाकिस्तान की भूमिका को रखा। ये बताया कि किस तरह से पाकिस्तान आतंकी गतिविधियों का समर्थन देता है। विदेश की धरती पर भारतीय सांसदों ने पुरजोर तरीके से अपनी बात रखी। गाजियाबाद के लिये एक गौरव की बात यह भी थी कि भारत का जो प्रतिनिधिमंडल तीन देशों की यात्रा पर गया उनमें अतुल गर्ग एकमात्र ऐसे सांसद थे जो उत्तर प्रदेश से अकेले चुने गए।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग जब तीन देशों की यात्रा पूरी कर वापस भारत लौटे तो उनके समर्थक चाहते थे कि उनका भव्य स्वागत हो और इसकी तैयारी भी कर ली गई थी। बताया जाता है कि इसके लिये शहर विधानसभा और साहिबाबाद विधानसभा का चयन हुआ। इसके बाद स्वागत कार्यक्रम के लिये अलग तैयारी हुई और यहां पर एक पार्षद ने एक विधायक ने और एक महामंत्री ने पूरी तैयारी कर ली थी।

सूत्र बताते हैं कि अतुल गर्ग को स्वागत कार्यक्रम की जानकारी अखबारों के माध्यम से पता चली और फिर उन्होंने स्वागत के कार्यक्रम से इनकार किया, अपनी बात को रखा और उन्होंने कहा कि मुझे यह पता समाचार पत्रों के माध्यम से चला कि ऐसे किसी स्वागत की तैयारी हो रही है और फिर अतुल गर्ग ने अपना एक वीडियो जारी कर पूरा मामला रखा और कहा कि स्वागत कार्यक्रम उचित नहीं रहेगा।

### अतुल गर्ग बोले- बेहतर होगा हम अपने अनुभव जनता को बताएं

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने स्वागत कार्यक्रम को कैंसिल किया और फिर उन्होंने अपना एक वीडियो जारी किया। उन्होंने बताया कि पहलगाम त्रासदी के बाद भारत सरकार ने सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजा था। ऐसे सात प्रतिनिधिमंडल बनाए गए थे और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का पक्ष रखने के लिये भारत सरकार ने मुझपर जो भरोसा किया उसका आभार व्यक्त करता हूं। मेरा नाम भी प्रतिनिधिमंडल में दिया गया यह मेरे लिये सम्मान की बात है, लेकिन देश में दर्दभरी घटना हुई और मेरा यह मानना है कि इस दर्दनाक घटना के बाद हम प्रतिनिधिमंडल के रूप में विदेश गए और हमने अपने देश का पक्ष रखा। अतुल गर्ग ने कहा कि मेरा व्यक्तिगत रूप से यह मानना है कि एयरपोर्ट पर सम्मान या स्वागत करना उचित नहीं रहेगा। बेहतर यह रहेगा कि हमारे अनुभव जनता को बताए जाएं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान करते हुए देश की अस्मिता और रक्षा से जुड़े विषय पर सभी दलों के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल बनाया और यह प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री के निर्देश पर विदेश के लिये रवाना हुआ। प्रतिनिधिमंडल के रूप में हमारे अनुभव क्या रहे, विदेशों में भारत की छवि क्या है और पाकिस्तान को लेकर उनके क्या विचार है यह हम बताएंगे। किन परिस्थितियों में हमने अपने देश की बात को विदेश में रखा और किस तरह से रखा, इस पर चर्चा होनी चाहिए। ये ज्यादा उचित रहेगा कि हम ये बताएं कि पूरे मामले पर हम अपने देश के लिये क्या करके आए हैं। दिये गये निर्देशों के अनुरूप हमने किस तरह से भारत की एकता, अखण्डता, संप्रभुता के सम्मान में अपनी बात रखी और ये बताया कि किस तरह से पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता है।




**लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने स्वागत कार्यक्रम को कैंसिल किया और फिर उन्होंने एक वीडियो जारी किया। उन्होंने बताया कि पहलगाम त्रासदी के बाद भारत सरकार ने सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजा था। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का पक्ष रखने के लिए भारत सरकार ने मुझ पर जो भरोसा किया उसका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा व्यक्तिगत रूप से यह मानना है कि एयरपोर्ट पर सम्मान या स्वागत करना उचित नहीं रहेगा।**

# सिक्किम में भारी बारिश के बाद आर्मी कैंप पर लैंडस्लाइड

## 3 की मौत, 6 सुरक्षाकर्मी लापता, 100 पर्यटकों को बचाया गया, सर्च ऑपरेशन जारी







**इंफाल।** सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई, जिनके शव बरामद हुए हैं। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान अभी लापता हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है

सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। दूसरी तरफ, सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे एक हजार से ज्यादा टूरिस्टों को भी आज रेस्क्यू किया गया।

सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक

### राहत और बचाव के लिए सेना, एयरफोर्स और असम रायफल्स के जवानों को किया गया तैनात

37 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं।

सिक्किम में अक्टूबर, 2023 को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। कम से कम 98 लोग लापता हो गए थे, जिसमें सेना के 22 जवान शामिल थे। इनका कुछ पता नहीं चल पाया था।

पूर्वोत्तर राज्यों में राहत और बचाव के लिए भारतीय सेना, एयरफोर्स और असम रायफल्स के जवानों को तैनात किया गया है। असम में 3.64 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक समेत 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।



मणिपुर में बाढ़ से 19,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। 3,365 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। त्रिपुरा में 10 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल में भारी बारिश के कारण 2 जून को सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है। 30 मई से अब तक राज्य में लैंडस्लाइड की 211 घटनाएं हुई हैं।

इधर, राजस्थान के 30 जिलों और मध्य प्रदेश के 50 जिलों में बारिश का अलर्ट है। बिहार के वैशाली में रविवार शाम तेज आंधी-बारिश के कारण एक घर गिरने से 60 साल की महिला की मौत हो गई। राज्य के 9 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है।

इस बीच, सिक्किम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अक्षय सचदेवा ने व्यक्तिगत रूप से लाचुंग से निकाले गए सभी पर्यटकों का स्वागत किया। सैलानियों ने सिक्किम सरकार और निकासी प्रक्रिया में शामिल सभी एजेंसियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

मानसून का मौसम नजदीक आने के कारण, क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है जिससे भूस्खलन और सड़कें बाधित हो सकती हैं। विशेषकर दूरदराज के पर्यटन स्थलों तक जाने वाले रास्तों पर सड़कों बाधित हो सकती है।

मंगन जिले के अधिकारियों ने मौसम की स्थिति में सुधार के बाद 29 मई को तीस्ता नदी में वाहन गिरने से लापता हुए (चालक सहित) 9 पर्यटकों के लिए खोज और बचाव अभियान फिर से शुरू कर दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि बचाए गए दो सैलानी गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल में भर्ती है। अब उनकी हालत स्थिर है। वे बेहतर महसूस कर रहे हैं।

यूपी के 44 जिलों में मौसम विभाग ने सोमवार को बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# उत्तर प्रदेश के मदरसों में अंग्रेजी और गणित होंगे अनिवार्य, पहले थे ऑप्शनल सब्जेक्ट



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने मदरसा एजुकेशन को लेकर हाई लेवल कमेटी बनाई है और सरकार ने मदरसा सेलेबस के पुनर्गठन का आदेश दिया है। सरकार ने मदरसों से जुड़े कई नियमों में बदलाव किया है। अब सरकार की ओर से मदरसों की मान्यता से जुड़े नियमों में भी बदलाव किया जाएगा। इसके साथ ही मदरसा के पाठ्यक्रम में भी बड़ा बदलाव किया जा रहा है। ऐसे में जानते हैं कि मदरसा को लेकर सरकार की ओर से क्या क्या बदलाव किए जा रहे हैं?

दरअसल, मदरसा शिक्षा प्रणाली में पहले अंग्रेजी, गणित, विज्ञान जैसे विषय ऑप्शनल थे, जिन्हें अब अनिवार्य किया जा रहा है। मॉडर्न एजुकेशन के तहत इन विषयों को अनिवार्य कर दिया जाएगा। इन बदलावों के साथ ही सरकार ने मदरसा शिक्षा में सुधार और सुचारू संचालन के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है। इस कमेटी का अध्यक्ष माइनोरिटी वेलफेयर के डायरेक्टर को बनाया गया है। इस कमेटी में अल्पसंख्यक कल्याण और वक्फ विभाग, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, वित्त और न्याय विभाग के विशेष सचिव सदस्य होंगे।

ये कमेटी कक्षा 9 से 12 तक के मदरसा शिक्षा के पाठ्यक्रम का पुनर्निर्धारण करेगी। मदरसों में छात्रों की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की व्यवस्था भी की जाएगी।

ये कमेटी नए शिक्षकों की भर्ती जैसे मुद्दों पर एक विस्तृत रिपोर्ट बनाई जाएगी। इसके साथ ही मदरसे में कार्यरत शिक्षकों को विषयवार योग्यता चिन्हित कर खास प्रशिक्षण दिया जाएगा और ब्रिज कोर्स भी करवाया जाएगा। कमेटी की ओर से एक महीने में रिपोर्ट दी जाएगी।

**ये बदलाव भी हैं प्रस्तावित? :** अंग्रेजी आदि विषयों को अनिवार्य करने के साथ ही सभी मान्यता प्राप्त मदरसों में विज्ञान और कंप्यूटर लैब्स अनिवार्य किए जाने का प्रस्ताव है।कक्षा 1 से 3 तक एनसीईआरटी (एनसीईआरटी) और कक्षा 4 से 8 तक एससीईआरटी (एससीईआरटी) का सिलेबस लागू होगा। इसके अलावा कक्षा 12 में खेती, वाणिज्य और खेल-क्रीड़ा शिक्षा को शामिल किया जाएगा। नए प्रस्ताव के अनुसार, मदरसों को बुनियादी ढांचे की न्यूनतम शर्तें पूरी करनी होंगी। जैसे - बच्चों के पढ़ाई के लिए पर्याप्त कक्षा, पीने के पानी की बेहतर सुविधा, लाइब्रेरी आदि।

# दलित बच्ची से रेप और मौत का मामला गरमाया
# यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, निकाला विरोध मार्च

**बिहार के मुजफ्फरपुर के एक गांव में 9 वर्षीय दलित बच्ची से रेप और मौत का मामला गरमाता जा रहा है, यूथ कांग्रेस ने नीतीश कुमार सरकार को घेरते हुए आज पटना में जोरदार प्रदर्शन किया**



**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर में नौ वर्षीय दलित बच्ची के साथ बलात्कार के बाद मौत मामले में सियासी घमासान शुरू हो गया है। बच्ची से दुष्कर्म और मौत मामले में यूथ कांग्रेस ने आज नीतीश कुमार सरकार के खिलाफ पटना में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

यूथ कांग्रेस ने सोमवार को सदाकत आश्रम से अपना प्रदर्शन शुरू किया, जिसमें सैंकड़ों कार्यकताओं हिस्सा लिया। कांग्रेस कार्यकताओं ने नीतीश कुमार और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की।

दरअसल, मुजफ्फरपुर में बलात्कार के बाद जीवन के लिए संघर्ष कर रही एक मासूम बच्ची की रविवार को एक सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि नाबालिग के साथ 26 मई को मुजफ्फरपुर स्थित उसके गांव में बलात्कार किया गया था और उसे शनिवार को गंभीर हालत में पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया था।

**कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप :** वहीं, रविवार को कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने आरोप लगाया कि पीएमसीएच रेफर की गई बलात्कार पीड़िता को शनिवार को कथित तौर पर अस्पताल में बिस्तर उपलब्ध न होने के कारण कई घंटों तक एम्बुलेंस में इंतजार करना पड़ा।

उन्होंने दावा किया कि घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे सरकार और अस्पताल प्रशासन की असंवेदनशीलता उजागर हो गई है।

**रविवार सुबह हुई बच्ची की मौत :** पुलिस ने बताया कि आरोपी ने नाबालिग लड़की को उसकी मौसी के घर के पास चॉकलेट खिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर मक्का के खेत में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि लड़की की आज सुबह मौत हो गई। आरोपी ने उसका गला और सीना बेरहमी से काटा दिया था। उसने (आरोपी) गला रेतकर उसे मारने की भी कोशिश की थी। उसकी वोकल कॉर्ड क्षतिग्रस्त हो गई थी और वह बोल नहीं पा रही थी।

# बिहार में 2 से 3 चरणों में हो सकता है चुनाव!

## दिवाली-छठ को ध्यान में रखकर तय होगी तारीख



**पटना।** बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। ऐसे में चुनाव आयोग ने चुनावी तैयारियों को तेज कर दी है। संभावना जताई जा रही है कि इस बार विधानसभा चुनाव दो से तीन चरणों में कराए जा सकते हैं। चुनाव की तारीखें दिवाली और छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों को ध्यान में रखकर तय की जाएंगी ताकि पर्व-त्योहारों में मतदाताओं को कोई असुविधा न हो।

बिहार में पिछली बार 2020 के विधानसभा चुनाव तीन चरणों में आयोजित किए गए थे। पहले चरण में 28 अक्टूबर 2020 को 71 सीटों पर मतदान हुआ था। दूसरे चरण में 3 नवंबर को 94 सीटों पर वोट डाले गए थे। जबकि तीसरे और अंतिम चरण में 7 नवंबर को 78 विधानसभा सीटों पर मतदान संपन्न हुआ था। इसके बाद 10 नवंबर 2020 को मतगणना कराई गई थी। 2015 के चुनाव पांच चरणों में चुनाव संपन्न हुए थे।

### मुख्य चुनाव आयुक्त कर सकते हैं बिहार दौरा

सूत्रों के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इसी महीने बिहार का दौरा कर सकते हैं। इस दौरान वे चुनावी तैयारियों का जायजा लेंगे। आयोग के अंतर्गत चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी जारी है। आयोग की यह कोशिश है कि महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली की तरह बिहार में मतदाता सूची को लेकर कोई विवाद उत्पन्न न हो। इसी उद्देश्य से बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

### मतदाता सूची को लेकर सतर्कता

आयोग ने बताया है कि बिहार, हरियाणा और दिल्ली में 6 से 10 जनवरी 2025 के बीच अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद कोई अपील दायर नहीं की गई है। बीएलओ को पहचान पत्र दिए जा रहे हैं ताकि वे घर-घर जाकर सत्यापन कर सकें।

विपक्ष के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने कई सख्त कदम उठाए हैं। अब डुप्लीकेट एपिक नंबर पूरी तरह समाप्त कर दिए गए हैं। मृतक मतदाताओं के नाम हटाने के लिए रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के मृत्यु रजिस्टर से डेटा को जोड़ा गया है।

# तेंदुए के हमले में महिला की मौत

**नैनीताल।** तेंदुए के हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को ग्रामीण साढ़े तीन किमी.पैदल जंगल के रास्ते सड़क तक ले गए और सुबह अस्पताल लेकर पहुंचे। ग्राम प्रधान हंसी पलड़िया का कहना है कि अगर गांव तक सड़क होती तो घायल महिला को समय से अस्पताल पहुंचाया जा सकता था और उसकी जान बच सकती थी। सड़क नहीं होने के चलते पूर्व में भी अस्पताल ले जाने में देरी के चलते गांव में एक नवजात और एक घायल की जान जा चुकी है। उन्होंने प्रशासन से मोरा गांव तक जल्द से जल्द सड़क पहुंचाने की मांग की है।

**दो क्विंटल के पिंजरे को तीन किमी लेकर गांव पहुंचे वनकर्मी :** मोरा गांव में तेंदुए के हमले में महिला की मौत के बाद वन विभाग जाग गया। दो क्विंटल भारी पिंजरे को तीन किलोमीटर पैदल ले जाकर गांव में लगा दिया गया है। विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइजर गन के साथ क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी है। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि घटना के बाद से वन विभाग की टीम मौके पर तैनात है जो तेंदुए की हर गतिविधि पर नजर रख रही है। दावा किया कि जल्द ही हमलावर तेंदुए को पकड़ लिया जाएगा।

तेंदुए के हमले में महिला की मौत के बाद वन विभाग की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही है। क्षेत्र में तेंदुए के पंजों के निशान भी पाए गए हैं। दो पिंजरे और आठ ट्रैप कैमरा भी लगा दिए हैं। मौके से सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए हैं। मृतक महिला के परिवार को मुआवजे के रूप में सोमवार को छह लाख रुपये की राशि दी जाएगी।



# सीएम रेखा गुप्ता ने केदारनाथ में टेका मत्था
## पूजा-अर्चना दर्शन कर लिया बाबा का आशीर्वाद



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज सोमवार सुबह पहले केदारनाथ धाम पहुंची। यहां उन्होंने बाबा केदार के दर्शन किए। पूजा-अर्चना कर उन्होंने देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने बदरीनाथ धाम के दर्शन किए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इससे पहले रविवार को हरिद्वार दौरे पर पहुंचीं थी।

हरिद्वार में उन्होंने सबसे पहले पति के साथ हरकी पैड़ी पहुंचकर गंगा में स्नान किया। इस दौरान गंगा सभा ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद रेखा गुप्ता पहली बार हरिद्वार पहुंची हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मां गंगा का स्नान मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

मैं अपनी सरकार के 100 दिन के कार्यकाल को पूरा कर पुण्य भूमि हरकी पैड़ी पर आई हूं। मैंने मां गंगा के चरणों में नमन करते हुए यही प्रार्थना की है कि भारतवर्ष विकसित हो और उसमें दिल्ली भी अपना स्थान बनाएं।

वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि संतों की इच्छा की तरह मैं भी चाहती हूं कि एक दिन हम यमुना में भी स्नान करें। इसके लिए यमुना नदी की स्वच्छता के लिए अभियान पूरे कार्यकाल में चलेगा। कहा कि सीएम बनने के बाद पहली बार धर्मनगरी में गंगा स्नान किया है और यहीं से संकल्पित भाव से संतों का आशीर्वाद लेकर जाएंगे। उन्होंने यह बात रविवार को कनखल में आयोजित वात्सल्य गंगा आश्रय के लोकार्पण पर कहीं।

# एक माह में केदारनाथ यात्रा से 200 करोड़ का कारोबार

## होटल कारोबार से 100 करोड़, हेली सेवा से 35 करोड़, घोड़ा खच्चर संचालन से 40.50 करोड़ की आमदनी

**देहरादून।** केदारनाथ धाम की यात्रा तीर्थयात्रियों की संख्या के साथ ही कारोबार में भी रिकॉर्ड बना रही है। एक माह की यात्रा में करीब 200 करोड़ का कारोबार हुआ है। होटल कारोबार से 100 करोड़, हेली सेवा से 35 करोड़, घोड़ा खच्चर संचालन से 40.50 करोड़ की आमदनी हुई है। दो मई को बाबा केदार के कपाट खुले। अब तक केदारनाथ धाम में सात लाख से अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। इससे स्थानीय लोगों के रोजगार में बढ़ोतरी हो रही है। केदारनाथ धाम यात्रा देश की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में से एक है। करीब 20 किलोमीटर का कठिन पैदल मार्ग पार करने के बाद हिमालय पर्वत की गोद में बसे 11 वें ज्योतिर्लिंग के दर्शन हो पाते हैं। इस कठिन पैदल धार्मिक यात्रा में घोड़ा -खच्चरों का बेहद अहम योगदान होता है। असमर्थ एवं बुजुर्ग भक्त अक्सर इन्हीं के माध्यम से यात्रा करते हैं। वहीं खाद्य पदार्थ से लेकर अन्य जरूरी सामग्री इन्हीं घोड़े खच्चरों से यात्रा मार्ग व केदारपुरी में पहुंचाई जाती है।

31 मई तक 1,39,444 तीर्थयात्री घोड़े खच्चरों के माध्यम से केदारनाथ पहुंचे। जिसके माध्यम से 40 करोड़ 50 लाख से अधिक की आय प्राप्त हुई है। होटल कारोबार से 100 करोड़ और जीएमवीएन को विश्राम गृह व ध्यान गुफा की बुकिंग से 3.80 करोड़ से अधिक राजस्व मिला है।

**हेली सेवा संचालन से कमाए 35 करोड़ :** केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए हेली सेवा की काफी मांग रहती है। 31 मई तक लगभग 33000 श्रद्धालु हेली सेवाओं के माध्यम से बाबा केदारनाथ धाम पहुंचे हैं। जिससे करीब 35 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है।



**डंडी-कंडी से एक करोड़ से अधिक की आय :** केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग पर जितने घोड़े-खच्चरों का संचालन महत्वपूर्ण है। उतना ही डंडी-कंडी संचालन भी। इस वर्ष की यात्रा के लिए 7000 से अधिक डंडी-कंडी संचालक पंजीकृत हैं। 31 मई तक 29275 श्रद्धालु डंडी-कंडी के माध्यम से यात्रा कर चुके हैं, जिससे एक करोड़ 16 लाख, 89 हजार 100 रुपये की आय प्राप्त हुई है। वहीं गंदगी फैलने एवं अन्य नियमों के उल्लंघन पर विभिन्न प्रतिष्ठानों का 2,26,000 रुपये का चालन कर अर्थदंड भी वसूला गया है।

**टैक्सी संचालन से सात करोड़ कारोबार :** केदारनाथ धाम यात्रा में शटल सेवा के लिए 225 टैक्सी पंजीकृत हैं। इन्हीं गाड़ियों में श्रद्धालु सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक पहुंचते हैं। अब तक सात लाख से अधिक श्रद्धालु श्री केदारनाथ धाम पहुंच चुके हैं। हर यात्री को 50 रुपये जाने एवं 50 रुपये वापस सोनप्रयाग आने के चुकाने पड़ते हैं। 01 जून तक 7 लाख श्रद्धालु धाम में पहुंच चुके हैं यानी अब तक टैक्सी संचालक करीब 7 करोड़ रुपये शटल सेवा के माध्यम से अर्जित कर चुकी है।

> केदारनाथ धाम यात्रा आस्था और संस्कृति की धुरी बन चुकी है। सरकार का लक्ष्य केवल तीर्थयात्रियों को सुविधाएं देना नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं, महिलाओं एवं व्यापारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। यात्रा सुरक्षित, सुगम और समृद्ध बनाने की दिशा में हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।
>
> 
>
> –पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 03 जून-2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट




# कमिश्नरेट ऑफिस को कॉरपोरेट लुक देने की तैयारी, शुरू हुआ युद्ध स्तर पर काम

## डीआईजी अपराध एवं कानून व्यवस्था का ऑफिस भी नजर आएगा हाईटेक

### पुलिस ऑफिस में ग्रीन गार्डन से लेकर पार्किंग एरिया और रोशनी बिखेरेगी बिल्डिंग




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर ऑफिस को कॉरपोरेट लुक देने की तैयारी शुरू हो गई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ऑफिस के सौंदर्यीकरण का जो नया लेआउट बनाया है, उसके तहत पुलिस ऑफिस बिल्डिंग अब पहले से ज्यादा हाईटेक और सुंदर नजर आएगी। इसमें लाइटिंग से लेकर पुलिस ऑफिस का मुख्य गेट व ग्रीन गार्डन से लेकर पार्किंग एरिया भी बनाया जाएगा। इसके साथ ही यहां पहले जहां खुला एरिया था, वहां अब एडिशनल सीपी यानी डीआईजी अपराध एवं कानून व्यवस्था का नया हाईटेक ऑफिस बनाया जाएगा। नक्शे में उनका कार्यालय भी बराबर में दशार्या गया है। साथ ही मुख्य बिल्डिंग को पहले से ज्यादा हाईटेक और बेहतर प्रदर्शित किया जाएगा। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के इस ऑफिस को हाईटेक और कॉरपोरेट लुक में सजाने के लिए शासन स्तर से बजट की भी मांग की गई है।

#### अब पुलिस ऑफिस में ही हुआ करेंगी प्रेस कॉन्फ्रेंस और अधिकारियों की मीटिंग

**करंट क्राइम :** पुलिस ऑफिस को कॉरपोरेट लुक में तैयार किया जा रहा है। तो यहां एक बड़ा हाईटेक मीटिंग रूम भी बनाया जा रहा है। जिसमें बड़ी स्क्रीन लगाने के साथ ही एलइडी प्रोजेक्टर भी लगाया जाएगा। पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार अब इस कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुआ करेंगी और अधिकारियों की मीटिंग भी इसी नए कॉन्फ्रेंस हॉल में रखी जाएगी। इसे वातानुकूलित बनाने के साथ ही बेहद हाईटेक अंदाज में बनाया जा रहा है। बता दें कि पुलिस लाइन में जो परमजीत हाल है। वहां जुलाई से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आने वाले प्रशिक्षु सिपाहियों के लिए रिजर्व कर दिया गया है। वहां उनकी परीक्षा के साथ ही कई तरीके की वर्किंग ट्रेनिंग क्लास चलाई जाएंगी ताकि उन्हें कार्य कौशल व निपुण बनाया जा सके। इसीलिए पुलिस ऑफिस में अब नया कॉन्फ्रेंस हॉल और मीटिंग एरिया बनाया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की भविष्य में परेशानी ना आने पाए।

#### दिनरात चल रहा है पुलिस ऑफिस को कॉरपोरेट लुक देने का काम



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जब से नए कमिश्नर जे रविंदर गौड आए हैं, पुलिस ऑफिस की दशा और दिशा बदलने का काम चल रहा है। यहां कई तरीके के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं । तो इस पुरानी बिल्डिंग को कॉरपोरेट लुक स्टाइल में तैयार किया जा रहा है। इसके लिए यहां सजावट और सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ऑफिस का जो मॉडल तैयार किया गया है अगर यह ऐसा ही बनकर तैयार हुआ तो इसे दूर से देखा जा सकेगा। साथ ही इसकी सुंदरता भी लोगों को पसंद आएगी। यहां लाइटिंग से लेकर ग्रीन गार्डन और पार्किंग एरिया से लेकर अधिकारियों के बैठने के लिए अलग कक्ष डीआईजी का कार्यालय और शिकायत प्रकोष्ठ से लेकर आधुनिक आगंतुक कक्ष फुली एयर कंडीशन बनाया जा रहा है। इसके साथ ही प्रथम तल पर कैफेटेरिया और मीटिंग हॉल भी बनकर तैयार किया जा रहा है।

#### एंट्री और एग्जिट गेट पर दूर से नजर आएगा पुलिस का लोगो



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस ऑफिस की बिल्डिंग को कॉरपोरेट लुक दिया जा रहा है। तो वहीं पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ऑफिस का जो एंट्री और एग्जिट गेट है, इसको भी पहले से ज्यादा हाईटेक और लाइटिंग से युक्त किया जाएगा ताकि यहां सबसे ऊपरी हिस्से पर लगा हुआ पुलिस का लोगो दूर से ही नजर आए। इसमें बाकायदा थ्री-डी लाइटिंग लगाई जाएगी, जो इसकी अलग सुंदरता प्रस्तुत करेगी। वहीं मुख्य गेट के साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की इस बिल्डिंग में भी नीली और लाल रंग की लाइटिंग से सजावट कर सुंदरता प्रदान की जाएगी।

#### ग्रीन गार्डन से लेकर लगेंगे सीजनल फ्लॉवर के गमले



**करंट क्राइम :** पुलिस ऑफिस में आने वाले लोगों, अधिकारियों और फरियादियों को यहां सीजनल फ्लॉवर खिले और उनकी सुगंध महसूस होगी। दरअसल पुलिस ऑफिस का जो नया ले आउट कॉरपोरेट लुक में तैयार किया गया है, उसमें बाकायदा एक स्थान को ग्रीन गार्डन के रूप में भी डेवलप किया जा रहा है। साथ ही उसके लिए स्थान भी छोड़ गया है। इसके साथ ही मुख्य गेट और मुख्य दीवार के बराबर से जगह छोड़ी गई है, जहां सीजनल फूलों के पौधे गमले में लगाए जाएंगे। जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ऑफिस को नई सुंदरता प्रदान करने का काम करेगा।

# नाहल गांव : फरार हत्यारोपियों की तलाश में जुटी हैं पुलिस टीमें

## गांव में बकरीद से पहले माहौल बदलने की गुजारिश



**गाजियाबाद, करंट क्राइमः** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात जोन के अंतर्गत मसूरी थानाक्षेत्र के नाहल गांव में नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ की गोली मारकर हत्या के बाद से माहौल बदला हुआ है।

इस वारदात को अब एक सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है लेकिन गांव में खाली हुए मकान भर नहीं रहे हैं और बाजार पूरी तरीके से नहीं खुल पा रहे हैं। हालांकि रविवार से कुछ दुकानें और स्थानीय लोगों की हलचल बढ़ गई है। वहीं गांव के प्रधान तसव्वर अली ने अच्छे लोगों से अपील की है कि वह गांव के माहौल बदलने में समर्थन दें। साथ ही बकरीद के त्योहार से पहले गांव में आए और खरीदारी करें। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि नाहल में सिपाही हत्या के मामले में चार अन्य आरोपियों के नाम प्रकाश में आए थे। उन सभी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है और वर्तमान में सभी फरार चल रहे हैं। पुलिस की आधा दर्जन से अधिक टीमें इन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास में लगी हुई हैं।

#### नाहल मामले में फरार आरोपियों का हो सकता है पुलिस से आमना-सामना

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि गौतम बुद्ध नगर के सिपाही सौरभ की हत्या के मामले में पुलिस अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। तो चार लोगों का हाफ एनकाउंटर कर उन्हें लंगड़ा किया गया। इसके साथ ही लगभग 42 से अधिक लोगों को शांति भंग की धाराओं में पुलिस ने दबोचा था। वही पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में 25-25 हजार रुपये के चार आरोपी जो फरार चल रहे हैं ,वह पुलिस की रडार पर कभी भी आ सकते हैं। उनका पुलिस की टीमों से आमना-सामना भी हो सकता है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं इसके लिए गाजियाबाद पुलिस की कई तेज तर्रार और क्राइम कंट्रोल करने वाली टीमें लगी हुई हैं। इस मामले में कभी भी बड़ा परिणाम सामने आ सकता है। बता दें कि बीते दिनों गौतमबुद्ध नगर फेज-03 थाने के सिपाही सौरभ की दबिश देने के दौरान गोली मारकर हत्या की गई थी। जिसके बाद से यह पूरा मामला गर्माया हुआ है।

#### सामूहिक प्रार्थना



गाजियाबाद, करंट क्राइम। विदेश की धरती पर भी लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अपने संसदीय प्रतिनिधि मंडल के साथियों के साथ गुरुद्वारे में गए। यहां सांसदों ने माथा टेका और सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि गुरुद्वारे के शांत और आध्यात्मिक माहौल में हमें एक गहन अनुभव प्राप्त हुआ। इस पवित्र अवसर पर सभी ने सार्वभौमिक सद्भाव और विश्व शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की।

# पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी के साइलेंट मोड पर रहने से उनके समर्थकों की राजनीति हो रही है होल्ड

## वो कर रहे हैं इंतजार, कब लेंगे सुरेंद्र मुन्नी डिसीजन बोल्ड







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कुछ लोग अपने आप में एक पाठशाला होते हैं। उनकी कार्यशैली, उनका राजनीति करियर, उनका व्यक्तित्व ऐसा होता है कि वो सियासत के क्षेत्र में खुद को स्थापित करते हैं। वो एक ऐसी पाठशाला होते हैं जो औरों को भी शिक्षा देते हैं। अगर, गाजियाबाद में ऐसी राजनीतिक शख्सियतों की बात की जाए तो यहां पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी का भी नाम आता है। राजनीति में एक लंबा कार्यकाल, एक लंबा करियर, बेदाग छवि के साथ अपने आप में एक मिसाल होता है। ये काम पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी ने कर दिखाया है। स्वच्छ छवि के साथ राजनीति की है और एक ऐसे नेता के रूप में खुद को स्थापित किया है, जिनका नाम उनके विरोधियों से लेकर उनके समर्थकों तक आदर और प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता है। कई बार विधायक रहे लेकिन व्यक्तित्व में सौम्यता उसी मात्रा में रही। सरकारें देखी हैं, विपक्ष देखा है और घर से राजनीति की पाठशाला देखी है। चुनाव लड़े हैं, जीते हैं, हारे हैं और राजनीति का एक पूरा युग उन्होंने देखा है। राजनीति का ये कुशल खिलाड़ी इन दिनों साइलेंट मोड पर है।

अब उनके समर्थक ही ये आवाज उठाने लगे हैं कि आखिर कब तक सुरेंद्र मुन्नी साइलेंट मोड पर रहेंगे। वो कोई निर्णय कब लेंगे। पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी राजनीति के ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जो हर चुनावी रण में जनता के बीच रहते हैं। फिलहाल वो साइलेंट मोड पर हैं और उनकी ये खामोशी सवाल खड़े कर रही है। कहा तो ये जाता है कि सपा और कांग्रेस दोनों ही चाहते थे कि विधानसभा वाले उपचुनाव में भी सुरेंद्र मुन्नी को मैदान में आना चाहिए था, उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए था। अगर, उनकी चुनावी एक्टिविटी होती तो जनता के बीच पॉलिटिकल कनेक्टिविटी भी होती। वो चुनावी योद्धा है और उन्हें चुनावी रण में उतरना चाहिए। दरअसल पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी उन नेताओं में शुमार हैं, जिनके पास हजारों की संख्या में समर्थक हैं। वो एक ऐसे नेता हैं जो अपनी बिरादरी में विशिष्ठ सम्मान रखते हैं। वो कई बार विधायक रहे हैं।

जनता के बीच रहते हैं और उनका अपना एक अलग मयार है और उनकी अपनी एक प्रतिष्ठा है। मगर, उनके साइलेंट मोड को लेकर अब समर्थक ये आवाज उठाने लगे हैं कि अगर नेता ही अपनी राजनीति को साइलेंट मोड पर लाएंगे तो समर्थकों की राजनीति अपने आप होल्ड हो जाती है। आखिर पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी कब बोल्ड डिसीजन लेंगे। अब ये आवाज उठने लगी है कि राजनीति की रफ्तार तेज हो चुकी है और पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी अभी भी पुराने फार्मेट पर चल रहे हैं। पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी जिस फॉर्मेट पर राजनीति कर रहे हैं उसमें ये पता नहीं चल रहा है कि वो कौन से दल में हैं। क्योंकि उनके जो होर्डिंग-बैनर भी लगते हैं उनमें किसी पार्टी का जिक्र नहीं होता, लेकिन उन्हें ये समझना चाहिए कि अब उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार भाजपा की सरकार है और वो नई रफ्तार के हिसाब से अपनी राजनीति को धार नहीं दे पा रहे हैं। अब कोई तो बड़ा डिसीजन लेना ही होगा, क्योंकि ऐसे में उनके समर्थकों के सियासी फ्यूचर पर भी होल्ड वाला सीन हो रहा है। समर्थक पूछने लगे हैं कि क्या पूर्व विधायक अपने फॉर्मेट में लौटेंगे, या उनके विधायक जी कोई निर्णय लेंगे।

#### कब करेंगे प्रशांत कौशिक अपनी सियासी जमीन तैयार


**करंट क्राइम।** प्रशांत कौशिक आज की युवा राजनीति का एक ऐसा चेहर है जिन्हें सौम्यता, शालीनता और राजनीतिक संस्कार विरासत में मिले हैं। वो पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी के सुपुत्र हैं और गाजियाबाद की राजनीति के एक आदर्श पुरुष कहे जाने वाले पूर्व विधायक स्व. प्यारे लाल शर्मा के सुपौत्र हैं। प्रशांत कौशिक को राजनीति अपने दादा और पिता से विरासत में मिली है। एक बेदाग छवि और जनता के बीच रहकर राजनीति करने का गुण प्रशांत कौशिक के पास है। सबसे बड़ी बात ये है कि सौम्यता और जनसेवा की विरासत को उन्होंने बखूबी संभाला है। अपने संस्कारों से जुड़े हैं। वो एक ऐसे परिवार से आते हैं जहां जनसेवा के लिये राजनीति बड़ा प्लेटफार्म है। अब सवाल ये उठने लगा है कि अब राजनीति अपना स्वरूप बदल रही है। राजनीति अपनी रफ्तार बदल रही है। तो ऐसे में प्रशांत कौशिक अपनी सियासी जमीन कैसे तैयार करेंगे। ये उनके लिये चुनौती है। हालांकि वो आज के युवा नेताओं में सबसे अलग हैं। प्रभाव से सरल हैं, सहज हैं मगर, अब राजनीति में उन्हें अपनी सियासी जमीन तैयार करनी है तो एक बड़ा आंदोलन तैयार करना होगा। उन्हें जनमुद्दों को लेकर सड़क पर आना होगा। उन्हें जनता के अधिकारों के लिये मोर्चा खोलना होगा। प्रशांत कौशिक के पास एक मौका है जब वो एक अपोजिशन लीडर के रूप में खुद को जनता के बीच कंसीडर करा सकते हैं। वो कब फ्रंट पर आएंगे अब ये उन्हें तय करना है।

# प्रधानमंत्री के बेमिसाल 11 वर्ष कार्यकाल पर होंगे भव्य कार्यक्रम आयोजित

## जनता के बीच जाकर बताया जाएगा विकास का रोडमैप




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भाजपा 11 साल बेमिसाल के साथ 11 वर्ष की उपलब्धियों को जनता के बीच आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल की क्या-क्या उपलब्धि रही है इसे जनता के बीच बेहतर तरीके से बताया जाएगा। बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। भाजपा की तरफ से इसका आयाम आ चुका है। पांच जून से कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। 350 सेक्टरों में ये कार्यक्रम आयोजित होंगे। हर मंडल में जनसभा आयोजित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के भव्य कार्यकाल की उपलब्धियों के संबंध में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि पांच जून को पार्टी द्वारा दिये गये फार्मेट पर कार्यक्रम आयोजित होगा। भाजपा के कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगे और 11 वर्ष की उपलब्धियों को बताएंगे। मयंक गोयल ने बताया कि ग्रामसभा, मोहल्ला से लेकर घर-घर तक भाजपा कार्यकर्ता पहुंचेंगे। गाजियाबाद महानगर ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। इसके लिये भाजपा की महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह को इस कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा विनोद कसाना, गौरव चोपड़ा और गुंजन शर्मा को सहसंयोजक बनाया गया है। हर कार्यक्रम बड़े स्तर पर आयोजित होगा और भव्य होगा।



#### आज लखनऊ में होगी कार्यशाला आयोजित

**करंट क्राइम।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों को भाजपा जनता के बीच लेकर आ रही है। इसके लिये संगठन ने पूरी रूपरेखा बनाई है। पांच जून से कार्यक्रम आयोजित होंगे। किस तरह से जनता के बीच जाना है, सरकार की उपलब्धियों को किस तरह से बताना है इसके लिये भाजपा पदाधिकारियों की एक कार्यशाला आज लखनऊ में आयोजित होगी। इस कार्यशाला में बताया जाएगा कि किस तरह से किस फार्मेट पर काम होगा। संयोजक और सहसंयोजक किस तरह से तालमेल बनाकर काम करेंगे।

## संपादकीय

# बातचीत नहीं अब कार्रवाई चाहिए

पाकिस्तान की सीमा के भीतर स्थित कई आतंकी ठिकानों पर भारत ने हमला किया और बहुत सारे आतंकियों को मार गिराया। इस सबके बावजूद पाकिस्तानी ठिकानों से आज भी कई कुख्यात आतंकवादी चेहरे और संगठन बिना किसी बाधा के अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। आतंकवाद को शह और संरक्षण देने के मसले पर पाकिस्तान की भूमिका जगजाहिर रही है। हैरानी की बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार आतंकियों के वित्त पोषण के लिए पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा किया गया है, लेकिन उस पर कभी का असर नहीं पड़ा। उल्टे जब भी मौका मिला, पाकिस्तान ने आतंकी संगठनों को हर स्तर पर खाद-पानी मुहैया कराया और खासतौर पर भारत के खिलाफ उनका इस्तेमाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पहलगाम में आतंकी हमला उसकी कुत्सित मंशा की ही एक कड़ी थी, जिसमें छब्बीस लोगों की जान चली गई। वह घटना एक तरह से भारत के धीरज की हद को चुनौती देने जैसी थी, जिसके बाद भारत ने इसका संयमित, लेकिन उचित प्रतिकार किया। पाकिस्तान की सीमा के भीतर स्थित कई आतंकी ठिकानों पर भारत ने हमला किया और बहुत सारे आतंकियों को मार गिराया। इस सबके बावजूद पाकिस्तानी ठिकानों से आज भी कई कुख्यात आतंकवादी चेहरे और संगठन बिना किसी बाधा के अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। इस हकीकत के समांतर पाकिस्तान किस आधार पर भारत के साथ संवाद और इसके जरिए किसी समस्या के हल की उम्मीद कर रहा है। गौरतलब है कि पहलगाम में आतंकी हमले के प्रतिकार में भारत ने जब जवाबी कार्रवाई की और उसमें भारत को बड़ी कामयाबी मिली, तो उसके बाद पाकिस्तान के सामने यह लाचारी खड़ी हो गई कि वह संवाद की ओर कदम बढ़ाए। इसलिए पिछले कुछ दिनों से वह भारत के सामने बार-बार बातचीत की पेशकश कर रहा है। सवाल है कि एक ओर आतंक को संरक्षण और दूसरी ओर संवाद का सहारा जैसे दोहरे पैमानों के साथ पाकिस्तान किस तरह खुद को उचित ठहराने की कोशिश कर रहा है। इसलिए भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वाभाविक ही यह दो टूक संदेश दिया है कि अगर पाकिस्तान द्विपक्षीय वार्ता के लिए सचमुच गंभीर है तो पहले उसे संयुक्त राष्ट्र की ओर से घोषित आतंकवादियों- हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंप देना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान को यह सलाह भी दी है कि अपने हित में वह अपनी धरती से जारी आतंकवाद को खुद ही उखाड़ फेंके। विडंबना यह है कि वैश्विक आतंकवाद के पोषण का एक गढ़ बन चुके पाकिस्तान के बारे में संयुक्त राष्ट्र से लेकर दुनिया के तमाम देश समझते हैं और समय-समय पर उसे आतंकी मकड़जाल से निकलने की सलाह देते रहे हैं। मगर यह समझना मुश्किल है कि अन्य देशों और खासतौर पर भारत को आतंकवाद के सहारे परेशान करने वाला पाकिस्तान कई बार खुद भी आतंकी हमलों की त्रासदी झेलता है, लेकिन आतंकियों को संरक्षण देने और बचाने से बाज क्यों नहीं आता।

# तय समय से पहले ही भारत-यूरोप के बीच हो सकता है मुक्त व्यापार समझौता : पीयूष गोयल



### 'कुछ संवेदनशील मुद्दों पर सावधानी से हो रही बात'

हालांकि उन्होंने ये भी माना कि कुछ संवेदनशील मुद्दे हैं, जिन पर पूरी सावधानी और संतुलन के साथ दोनों पक्षों में बातचीत जारी है। गोयल ने कहा कि 'बेशक किसी भी व्यापारिक रिश्ते में, कुछ संवेदनशील मुद्दे होते हैं दोनों तरफ से और उन्हें हमें एक दूसरे के हित ध्यान में रखते हुए सुलझाना होगा।' गोयल ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते में बाजार को ज्यादा उदार बनाने और दोनों देशों के फायदे पर फोकस किया जा रहा है। इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और उत्पादकता बेहतर होने के साथ ही सभी प्रक्रियाएं बेहतर होंगी।

**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते से भारत और यूरोपीय संघ के बीच रिश्ते बेहतर होंगे। एफटीए में व्यापार अवरोधक हटाने, बाजार तक पहुंच बेहतर करने और दोनों तरफ व्यापार में नए अवसर बनाने की कोशिश है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई है कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच होने जा रहा मुक्त व्यापार समझौता (ऋ्छअ) तय समय से पहले हो सकता है। इस साल के अंत तक भारत और यूरोप के बीच मुक्त व्यापार समझौता होने की समयसीमा तय की गई है। गोयल ने बताया कि बातचीत की प्रक्रिया तय समय से पहले चल रही है और जल्द ही उन्हें समझौते की उम्मीद है। भारत-यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते की प्रक्रिया तेजी से जारी पीयूष गोयल ने ये भी कहा कि भारत और यूरोपीय संघ की अर्थव्यवस्थाओं के बीच मतभेद कम हैं, जिसकी वजह से मुक्त व्यापार समझौते की प्रक्रिया में तेजी से प्रगति हो रही है। गोयल ने कहा कि 'हमारे बीच मतभेद कम हैं। हमारी अर्थव्यवस्थाएं एक दूसरे का समर्थन करती हैं। अधिकतर मामलों में भारत के हित, यूरोपीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं करते और उसी तरह यूरोप के सामान से हमारी अर्थव्यवस्था के विकास में मदद ही मिलेगी।'

# महंगाई को मात देने का फंडा, अपनाएं स्टेपअप एसआईपी और तेजी से बढ़ाएं निवेश

**नई दिल्ली।** निवेश की दुनिया में समय से ज्यादा ताकत किसी चीज में नहीं। अगर समय के साथ निवेश रकम भी बढ़ाई जाए, तो लाभ कई गुना बढ़ जाते हैं। स्टेपअप एसआईपी निवेश का ऐसा ही स्मार्ट तरीका है, जिससे छोटी रकम से बड़ा फंड बना सकते हैं। यह आय के साथ तालमेल बैठाते हुए बेहतर वित्तीय भविष्य की ओर ले जाता है। अगर आप भविष्य के लिए धन जोड़ना चाहते हैं, चाहे वह रिटायरमेंट हो, बच्चों की पढ़ाई या घर खरीदने का सपना...म्यूचुअल फंड में एसआईपी (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) एक बेहतरीन तरीका है। लेकिन, अगर आप चाहते हैं कि समय के साथ बढ़ रहे महंगाई के बावजूद आपका पैसा और तेजी से बढ़े एवं आप अपने लक्ष्य को समय से पहले हासिल कर लें, तो स्टेपअप एसआईपी की रणनीति अपनाना बहुत उपयोगी साबित हो सकता है।



### ऐसे समझें स्टेपअप एसआईपी का गणित

स्टेपअप एसआईपी निवेश का एक ऐसा तरीका है, जिसमें आप हर साल अपनी मासिक एसआईपी राशि बढ़ा देते हैं। यह वृद्धि एक निश्चित राशि में या प्रतिशत में हो सकती है। निश्चित राशि से स्टेपअप की बात करें तो अगर आप 5,000 प्रति माह की एसआईपी शुरू करते हैं और हर साल 1000 रुपये स्टेपअप करते हैं, तो दूसरे साल आपकी एसआईपी राशि बढ़कर 6,000 रुपये और तीसरे साल 7,000 रुपये प्रति माह हो जाएगी। इसी प्रकार लगातार 1000 रुपये से बढ़ती जाएगी। अगर प्रतिशत वृद्धि से स्टेपअप विकल्प चुनते हैं और 10 फीसदी स्टेपअप तय करते है।

# छह हजार करोड़ के दो हजार रुपये नोट अभी भी प्रचलन में

## एयर इंडिया और एयर मॉरीशस में कोडशेयर समझौता



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ने बताया कि 2023 में बंद किए जाने के बाद 6,181 करोड़ रुपये मूल्य के 2000 रुपये के नोट अभी भी प्रचलन में हैं। 2000 रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। 19 मई 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक (फ्इक) ने 2000 रुपये नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की। आरबीआई ने कहा कि प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य जो 19 मई 2023 को कारोबार बंद होने पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था, 31 मई 2025 को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,181 करोड़ रुपये रह जाएगा। आरबीआई ने कहा कि 19 मई 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के 98.26 प्रतिशत बैंक नोट वापस आ चुके हैं। ऐसे बैंक नोटों को जमा करने और/या बदलने की सुविधा सात अक्तूबर 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। अब यह सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

### एयर इंडिया और एयर मॉरीशस में कोडशेयर समझौता

नई दिल्ली में 81वीं आईएटीए बैठक के दौरान एयर इंडिया और एयर मॉरीशस ने विस्तारित कोडशेयर समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एयर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन और एयर मॉरीशस के चेयरमैन किशोर बीगू भी मौजूद थे। मजबूत द्विपक्षीय कोडशेयर समझौते के तहत एयर इंडिया और एयर मॉरीशस भारत, मॉरीशस, रीयूनियन, दक्षिण अफ्रीका और मेडागास्कर के बीच कुल 17 मार्गों पर अपने डेसिग्नेटर कोड लगाएंगे।

### यात्री वाहनों की थोक बिक्री मामूली बढ़कर 3.52 लाख

यात्री वाहनों की बिक्री मई, 2025 में उद्योग की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही। बीते महीने देश में कुल 3.52 लाख यात्री वाहन बिके, जो सालाना आधार पर 0.1 फीसदी की मामूली बढ़त को दशार्ता है। हालांकि, यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में 0.8 फीसदी की गिरावट रही। इस बीच, देशभर में वाहनों की पंजीकरण भी चार फीसदी घटकर 2,97,649 इकाई रह गया। उधर, वाहन कंपनियों की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, टाटा मोटर्स के गाड़ियों की कुल बिक्री सालाना आधार पर 9 फीसदी घटकर 70,187 इकाई रह गई। वहीं, घरेलू बिक्री भी 10 फीसदी घटकर 67,429 इकाई रही। इसी प्रकार, कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री में 11 फीसदी की गिरावट रही। हालांकि, महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहनों की कुल बिक्री 17 फीसदी बढ़कर 84,110 इकाई पहुंच गई।

### एमजी मोटर, किआ व टोयोटा में उछाल

एमजी मोटर के वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 40 फीसदी बढ़कर 6,304 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 4,510 गाड़ियां बेची थी। इस दौरान किआ इंडिया ने घरेलू बाजार में कुल 22,315 वाहन बेचे, जो मई, 2024 के 19,500 की तुलना में 14 फीसदी अधिक है।

# भारत में संभावनाएं तलाश रही विमान बनाने वाली कंपनी एंबरेयर

**नई दिल्ली।** अभी एंबरेयर के लिए सबसे बड़ा बाजार अमेरिका है और साल 2024 में अमेरिका से ही कंपनी को सबसे ज्यादा राजस्व मिला था। हालांकि ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति से कंपनी की मुश्किलें बढ़ेंगी। वहीं नागरिक उड्डयन के मामले में अब भारत दुनिया की तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। यही वजह है कि एविएशन सेक्टर की दिग्गज कंपनियां अब भारत का रुख कर रही हैं। ब्राजील की विमान बनाने वाली कंपनी एंबरेयर का फोकस अब भारत पर है। एंबरेयर ने कहा है कि उन्हें भारत के विशाल बाजार में कमर्शियल, बिजनेस और सैन्य विमानों के लिए बड़ा बाजार दिखाई दे रहा है। कंपनी के सीईओ फ्रैंकोइस गोम्स नेटो इन दिनों भारत दौरे पर हैं। नई दिल्ली में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक में शामिल होने आए नेटो ने कहा कि उनकी कंपनी विमानों की खरीद के लिए भारतीय एयरलाइंस जैसे इंडिगो और एयर इंडिया के साथ बातचीत कर रही है।



### भारत में पैर जमाना चाहती है एंबरेयर

भारत में संभावनाओं को देखते हुए एंबरेयर ने नई दिल्ली में अपना कॉरपोरेट ऑफिस भी खोला है। एंबरेयर अपने ई-2 विमानों को भारत में बेचने की कोशिश कर रही है, जो 146 सीटों वाला विमान है। नेटो ने बताया कि एंबरेयर ने भारत में विमानों के बाजार को देखते हुए एक अधिग्रहण टीम नियुक्त की है। साथ ही कंपनी ने सरकार से संपर्क के लिए, संचार, इंजीनियरिंग, सेल्स और मार्केटिंग के लिए भी टीमें नियुक्त कर दी हैं। अभी भी भारत में एंबरेयर के 50 से ज्यादा विमान भारत में संचालित हो रहे हैं। ये विमान कमर्शियल, बिजनेस वर्ग के साथ ही रक्षा क्षेत्र में भी संचालित हैं। क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार एयर के पास एंबरेयर विमान हैं। नेटो ने बताया कि उनकी कंपनी भारत में ही मेंटिनेंस के लिए अपना केंद्र स्थापित करने पर भी विचार कर रही है, लेकिन ये विमानों की बिक्री पर निर्भर करेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट



- पक्षियों के कान उनके पंखों के नीचे छिपे होते हैं ।
- विश्व के आठ प्रतिशत लोगों में एक पसली अधिक होती है।
- 83. चीन में भारतीय रुपए के मुताबिक 100 रुपए प्रति घंटा किसी को देंगे तो आपके जगह पर वह काम करेगा।
- मोतियाबिंन और प्लास्टिक सर्जरी की खोज भी भारत देश में हुई थी।
- कोको कोला का रंग हरा होता है अगर इसमें फूड कलर नहीं मिलाया होता।
- काली मैना प्रतिदिन 30 ग्राम कीड़े खा जाती है, अत यह फसलों की रक्षक कहलाती है।
- इंसान के शरीर की सबसे छोटी हड्डी की होती है।
- चमगादड़ गुफा से निकलते समय हमेशा बाएं हाथ मुड़ते हैं।
- सुअरों के लिए आसमान देखना असंभव है।
- भारत डाक सेवा दुनिया का सबसे बड़ा डाक सेवा हैं।
- उल्लू अपना शिकार नोंचकर नहीं खाता बल्कि पूरा का पूरा निगल जाता है।
- पृथ्वी 4.56 बिलियन वर्ष पुरानी है जो कि चंद्रमा और सूर्य के समान आयु की है।

## राशिफल

**मेष :** परिवार का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष :** परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन :** जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। मत्रिों के सहयोग से कार्य बनेगा। आत्मसंयत रहें। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। माता का सानिध्य मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**सिंह :** नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। जीवनसाथी के साथ व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**कन्या :** उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास के योग भी बन रहे हैं। तनाव से बचें। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। परिवार की समस्याओं का ध्यान रखें।

**तुला :** मन परेशान रहेगा। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी पैतृक सम्पत्ति पर विवाद की स्थिति से बचें।

**वृश्चिक :** वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ेगे। सुखद समाचार मलि सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**धनु :** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आशा-निराशा के मनोभाव रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर :** पैतृक संपत्ता से लाभ होगा। कसिी पुराने मत्रि से भेंट हो सकती है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**कुंभ :** वाणी में मधुरता रहेगी। मत्रिों के सहयोग से लाभ के अवसर मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मीन :** उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। घर में धार्मकि कार्यक्रम के योग हैं। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के मनोभाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। आलस्य में वृद्धि होगी।

## चुटकुले

लड़का लड़की से- मैं आपसे दोस्ती करना चाहता हूं.
लड़की- तो हमारी दुश्मनी ही कब हुई थी भईया?
लड़के ने साध ली चुप्पी...

---

सोनू- किस बात से परेशान है?
मोनू- यार घरवालों से हूं.
सोनू- घरवालों ने क्या किया?
मोनू- जिस दिन सोचता हूं कि कुछ नया करुंगा, उसी दिन घर वाले गेहूं पिसवाने भेज देते हैं।

---

पहले मेरे दोस्त को चम्मच
धोना भी नहीं आता था
अच्छा फिर...
फिर मैंने सलाह दी कि शादी कर लो आप यकीन नहीं करोगे अब वह बर्तन और कपड़े दोनों धो लेता है।

---

मालिक नौकर से- जरा देख तो बाहर सूरज निकला या नहीं?
नौकर- बाहर तो अंधेरा है साहब
मालिक- तो टॉर्च जलाकर देख ले कामचोर।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# एशियाई चैंपियनशिप में भारत के शानदार प्रदर्शन से गदगद हुए पीएम नरेन्द्र मोदी



**नई दिल्ली।** एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के शानदार प्रदर्शन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भारतीय दल और एथलीट्स की तारीफ की है। भारत इस टूनामेंट में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने इस टूर्नामेंट में जापान, चीनी ताइपे, सऊदी अरब, ईरान, कतर और मेजबान दक्षिण कोरिया जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य समेत 24 पदक हासिल किए। पहले स्थान पर रहे चीन ने 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य समेत 32 पदक जीते।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा, 'दक्षिण कोरिया में हाल ही में आयोजित 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने दल के शानदार प्रदर्शन पर भारत को गर्व है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्रत्येक एथलीट की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। एथलीटों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'

भारत का प्रदर्शन एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार रहा। ज्योति याराजी, गुलवीर सिंह, अविनाश साबले, सचिन यादव, तेजस्विन शंकर, पूजा, रूपल चौधरी और 4 गुणा 400 रिले टीम ने जलवा बिखेरा था। इन सभी के पदक आए और भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।




# विश्व चैंपियन गुकेश को मिली जीत
## वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को हराया



**नई दिल्ली।** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने आखिरकार रविवार को नॉर्वे शतरंज के छठे राउंड में मैग्नस कार्लसन को पहली बार क्लासिकल गेम में हराकर अपना बदला पूरा कर लिया।

पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन ने टूनामेंट के शुरूआती दौर में गुकेश की संभावनाओं को भारी झटका दिया था। हालांकि, गुकेश वापसी करने में कामयाब रहे और पलटवार करते हुए नॉर्वे के खिलाड़ी को मात देकर तीन अंक हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए और अब वह अमेरिकी फैबियानो कारूआना से सिर्फ एक अंक पीछे हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे से किया संन्यास का एलान, अब टी20 पर करेंगे फोकस



**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे से संन्यास का एलान कर दिया है। वह टी20 में खेलना जारी रखेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि उन्होंने टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियों के लिए एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा की है।

### 2015 और 2023 में बनाया टीम को विश्व विजेता

मैक्सवेल के वनडे करियर की शुरूआत 2012 में हुई थी। 149 वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करते हुए दिग्गज खिलाड़ी ने कुल 3990 रन बनाए और 5.46 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 77 विकेट अपने नाम किए। वह 2015 और 2023 की विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा थे। मैक्सवेल के नाम इस प्रारूप में चार शतक और 23 अर्धशतक दर्ज हैं।

36 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ 201 रन की नाबाद पारी खेली थी। इस प्रारूप में यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक थी। गेंदबाजी में भी वह विपक्षी बल्लेबाजों के लिए मुसीबत साबित हुए हैं। उन्होंने चार बार पारी में चार विकेट लिए। फील्डिंग में भी उनका कोई सानी नहीं रहा। उनके नाम इस प्रारूप में 91 कैच दर्ज हैं। मैक्सवेल ने संन्यास के फैसले पर बात करते हुए कहा- 'मुझे याद है कि शुरूआत में ही मुझे समय से पहले और अप्रत्याशित रूप से चुन लिया गया था। मुझे ऑस्ट्रेलिया के लिए कुछ मैच खेलने पर गर्व है। मुझे लगा कि मैं ऐसा ही करूंगा। तब से मैं उतार-चढ़ाव से गुजरा हूं, जैसे टीम से बाहर होना, वापस आना, कुछ विश्व कप में खेलना और कुछ बेहतरीन टीमों का हिस्सा होना।' मैक्सवेल को आखिरी बार इस प्रारूप में चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते देखा गया था। इस दौरान वह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे। वहीं, आईपीएल 2025 से भी वह चोट के कारण कुछ मैचों के बाद ही बाहर हो गए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से बात करते हुए आगे कहा- 'मुझे लगा कि मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा हूं क्योंकि शरीर परिस्थितियों के अनुसार प्रतिक्रिया कर रहा है। मैंने (चयन समिति) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं? हमने 2027 विश्व कप के बारे में बात की और मैंने उनसे कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें सफल हो पाऊंगा, अब समय आ गया है कि मेरी स्थिति वाले लोगों के लिए योजना बनानी शुरू कर दी जाए ताकि वे इस स्थिति में भाग ले सकें और इसे अपना बना सकें।'

# सिरमौर के अनिल जस्टा पर यू मुंबा का 78 लाख का दांव, प्रो कबड्डी लीग की नीलामी में हुई धनवर्षा



**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 12 की नीलामी में हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के उभरते कबड्डी स्टार अनिल जस्टा को यू मुंबा ने 78 लाख रुपये की बड़ी बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया है। इससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अनिल जस्टा सिरमौर जिले के गिरिपार के रोनहाट उपतहसील के जासवी गांव के निवासी हैं। उन्हें बचपन से ही कबड्डी में रुचि थी। गांव की गलियों में शुरू हुआ उनका सफर अब प्रोफेशनल कबड्डी के सबसे बड़े मंच तक पहुंच गया है।

उनके परिवार की पृष्ठभूमि साधारण रही है, लेकिन अनिल ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर खेल को निखारा। उनके कोचों और साथियों का कहना है कि अनिल हमेशा से ही प्रतिबद्ध खिलाड़ी रहे हैं। वे हर मैच में अपना शत-प्रतिशत देने की कोशिश करते हैं। हाल ही में हुए एक राष्ट्रीय मुकाबले में अनिल ने सुपर रेड के जरिए न सिर्फ अपनी टीम को जीत दिलाई थी, बल्कि दर्शकों का दिल भी जीत लिया था। उनका यह प्रदर्शन कई प्रो टीमों की नजर में आया। यू मुंबा ने उन पर बड़ा दांव खेलते हुए उन्हें 78 लाख रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बना लिया।

### गति और दबाव में प्रदर्शन खासियत

अनिल की रेडिंग तकनीक, गति और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता उन्हें एक बेहतरीन रेडर बनाती है। अनिल की फिटनेस और मैच के अंतिम क्षणों में निर्णायक बनने की आदत ने उन्हें औरों से अलग करती है। अनिल जस्टा ने कहा कि यह मेरे लिए सपने जैसा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक छोटे से गांव से शुरू हुआ मेरा सफर मुझे इस मुकाम तक ले आएगा। मैं यू मुंबा का आभार प्रकट करता हूं और वादा करता हूं कि मैं इस मौके को पूरी तरह से सार्थक करूंगा।

दादा बंसी राम के छलके आंसू...

पिता मोहन सिंह ने बताया कि अनिल की इस उपलब्धि पर नाज हैं। अनिल के यू मुंबा की टीम में शामिल होने की खबर सुनकर दादा बंसी राम के आंसू छलक पड़े। अनिल के दो भाई सेना में भर्ती है। अनिल ने इस उपलब्धि का श्रेय जिला शिमला के कोच सुरेंद्र को दिया है। अनिल ने गत माह हरिद्वार में हुई युवा सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था।

अनिल की इस उपलब्धि को लेकर स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। सोशल मीडिया पर उन्हें बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

## जो रूट के शतक से जीता इंग्लैंड

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड ने 3 वनडे की सीरीज के दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 3 जून को द ओवल ग्राउंड पर खेला जाएगा। कार्डिफ में रविवार रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने केसी कर्टी के शतक के सहारे 308 रन का स्कोर खड़ा किया, लेकिन टीम 47.4 ओवर में ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड ने 48.5 ओवर में 7 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। जो रूट ने 166 रन की शतकीय पारी खेली।

# श्रेयस-रजत से जुड़ा अजब संयोग, सात महीने में दूसरी बार खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे दोनों कप्तान

**मुंबई।** आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मंगलवार को इस सत्र का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में भले ही कोई भी टीम जीते लेकिन आईपीएल प्रशंसकों को नई विजेता टीम मिलना तय है।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में हुई थी श्रेयस-पाटीदार की टक्कर

पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है। इससे पहले दोनों कप्तानों की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में भिड़ंत हुई थी।




सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताबी मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया था। 15 दिसंबर को खेले गए मैच में श्रेयस अय्यर की अगुआई में मुंबई ने रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश को पांच विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई को दूसरी बार यह खिताब जिताया था। इससे पहले टीम ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में 2022/23 में खिताब अपने नाम किया था।

बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने टॉस जीतकर मध्य प्रदेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। रजत पाटीदार की अर्धशतकीय पारी की बदौलत टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 48 रनों की जबरदस्त पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए और मैच अपने नाम किया था। एमपी के लिए त्रिपुरेश सिंह ने दो विकेट लिए जबकि शिवम शुक्ला, वेंकटेश अय्यर और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट हासिल किए थे।

अब दोनों कप्तानों का आईपीएल 2025 के फाइनल में आमना-सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने एलिमिनेटर की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा। 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

# आईपीएल में पहली बार 200+ रन बनाकर हारी मुंबई इंडियंस





**मुंबई।** आईपीएल 2025 में रविवार को क्वालिफायर-दो मैच खेला गया। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस मैच में कई रिकॉर्ड बने। सबसे चौंकाने वाला रिकॉर्ड यह रहा कि मुंबई की टीम आईपीएल इतिहास में पहली बार 200 से ज्यादा रन बनाने के बाद हारी है। मुंबई की टीम ने ये अनचाहा रिकॉर्ड उस मुकाबले में बनाया जहां उन्हें जीत की सबसे ज्यादा जरूरत थी। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने दबाव वाले मैच में शानदार बल्लेबाजी की और पंजाब को 200+ रन चेज करने में मदद की। वहीं, यह सत्र श्रेयस के लिए अब तक का सबसे बेहतरीन सत्र साबित हुआ है। वह लीग में पहली बार 600 रन के आंकड़े को पार कर पाए। अब तीन जून को आरसीबी और पंजाब के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इससे यह तय हो गया कि आईपीएल को इस साल कोई नया चैंपियन मिलेगा। आरसीबी और पंजाब दोनों ने ही पिछले 17 सीजन में कभी खिताब नहीं जीता है। रविवार को खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 203 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 19 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 207 रन बनाकर मैच जीत लिया। यह आईपीएल के 18 सत्र के इतिहास में पहली बार है जब मुंबई की टीम पहली पारी में 200 से ज्यादा रन बनाकर मैच हारी हो। इससे पहले मुंबई ने 18 के 18 मैचों में 200+ को डिफेंड कर जीत हासिल की थी। 19वें मैच में वह भी क्वालिफायर-दो जैसे अहम मुकाबले में टीम हार गई। अब 19 मैचों में 200+ रन को डिफेंड करते हुए मुंबई का रिकॉर्ड 18 जीत और एक हार का है।

वहीं, पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कमाल की बल्लेबाजी की। उन्होंने 41 गेंद में पांच चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 87 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 212 से ज्यादा का रहा। इसी के साथ उन्होंने इस सत्र में 600 रन पूरे कर लिए। श्रेयस 2015 से इस लीग का हिस्सा हैं और तब से वह पहली बार किसी सत्र में 600 से ज्यादा रन बना पाए हैं। इस सीजन अब तक वह 16 मैचों में 54.82 की औसत से 603 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 175.80 का रहा है। इसमें छह अर्धशतक शामिल हैं। इससे पहले किसी एक सत्र में उनके सर्वाधिक रन 519 थे, जो उन्होंने 2020 में बनाए थे। तब श्रेयस दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे और उनकी टीम पोंटिंग की ही कोचिंग में फाइनल में पहुंची थी। हालांकि, तब दिल्ली को मुंबई इंडियंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। श्रेयस पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान रहते हुए आईपीएल खिताब जीत चुके हैं।

# गुकेश से हार के बाद दिग्गज कार्लसन ने आपा खोया
## मेज पर हाथ पटका, फिर माफी मांगी और चलते बने

**नॉर्वे।** नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराकर बड़ी जीत हासिल की है। इस जीत से जहां गुकेश बेहद खुश नजर आए, वहीं कार्लसन आपा खो बैठे। अपने देश में गुकेश से हार को वह बर्दाश्त नहीं कर पाए। कार्लसन ने हार के बाद जोर से हाथ को उस मेज पर पटका, जहां चेस बोर्ड रखा हुआ था। उनके हाथ पटकने से पूरा चेस बोर्ड हिल गया।

इसके बाद कार्लसन अपनी कुर्सी से उठकर अपनी भड़ास निकाली और फिर गुकेश से माफी मांगते हुए चेस बोर्ड के पास आए। फिर उन्होंने मुहरों को सजाने की कोशिश की, लेकिन झल्लाहट में उसे भी पटक दिया। वहीं, दूसरी तरफ गुकेश ने जीत हासिल करने के बाद चुपचाप जश्न मनाया। उन्हें यकीन नहीं हुआ कि उनकी मेहनत काम कर गई। फिर कार्लसन तेजी से चलते हुए हॉल से निकल गए। उन्होंने गुकेश की पीठ भी थपथपाई। इसका वीडियो भी सामने आया है। वहां बैठे सभी लोगों ने गुकेश के लिए ताली बजाई।




गुकेश ने कार्लसन को चौंकाते हुए क्लासिकल शतरंज में कार्लसन पर पहली जीत दर्ज की। सफेद मोहरों के साथ खेल रहे कार्लसन ने अधिकांश समय मैच में इसका फायदा उठाया और लगातार दबाव बनाया, लेकिन गुकेश ने जरूरत पड़ने पर सावधानी पूर्वक खेला और फिर कार्लसन पर अटैक किया। जैसे जैसे कार्लसन पर समय से चाल चलने का दबाव बढ़ता गया, कार्लसन ने गलतियां कीं और इसने गुकेश को वापसी का मौका दिया।

गुकेश ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपने सारी स्किल को मैच में झोंक दिया और जीत दर्ज की। मैच के बाद गुकेश ने कहा- मैं बहुत कुछ नहीं कर सकता था। मुझे बस इसका अधिकतम लाभ उठाना था। मैं ऐसे कदम उठा रहा था जो कार्लसन के लिए मुश्किल थे और सौभाग्य से चालें सही साबित हुईं। इस टूर्नामेंट से मैंने एक बात सीखी है कि समय से चाल चलने का दबाव आपको गलती करने पर मजबूर कर सकता है।

दोनों के बीच टूर्नामेंट के पहले दौर में भिड़ंत हुई थी, जहां कार्लसन ने अपने ट्रेडमार्क चालों से जीत हासिल की थी। इस बार, हालांकि, गुकेश ने बाजी मारी और पिछली हार का बदला ले लिया। नॉर्वे शतरंज को व्यापक रूप से शतरंज कैलेंडर पर प्रमुख टूर्नामेंट में से एक माना जाता है। छह खिलाड़ी डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक दूसरे से भिड़ते हैं। पुरुष और महिला दोनों ही श्रेणी में मैच होते हैं। 2025 संस्करण स्टावेंजर में 26 मई से छह जून तक चलेगा।

गुकेश को इस जीत के लिए दुनियाभर से शुभकामनाएं मिल रही हैं। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज शिखर धवन ने भी उन्हें बधाई दी।

# तैराकी का अनुराग...पांच स्पधाओं में खेलकर बनाए चार रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** ओपेन स्टेट प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बरेका निवासी अनुराग आर सिंह ने अपना दम दिखाया। फ्री स्टाइल की 200 और 800 मीटर तैराकी में अपने पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त कर नया रिकॉर्ड बनाया जबकि 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में रिकॉर्ड से चूक गए। अनुराग ने दो दिन में पांच स्पधाओं में खेलकर चार रिकॉर्ड बनाए हैं। साथ ही पांच स्वर्ण पदक भी जीते हैं।

अनुराग ने 200 मीटर तैराकी 2 मिनट 01 सेकंड में वहीं 800 मीटर तैराकी 8 मिनट 51 सेकंड में पूरी की। 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में 5 मिनट में पूरा कर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले प्रतियोगिता के पहले दिन 1500 मीटर और 400 मीटर स्पर्धा में नया रिकॉर्ड बनाया था।




तैराकी कोच कनाई चंद तालापात्रा ने बताया कि अनुराग के पिता भी तैराकी के कोच हैं। वे भारतीय खेल प्राधिकरण में तैराकी के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हैं। परंपरागत रूप से तैराकी पृष्ठभूमि वाले अनुराग प्रत्येक दिन छह घंटे अभ्यास करते हैं। ओपेन स्टेट प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता में काशी के 16 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

इसके पुरुष वर्ग में 11 जबकि महिला वर्ग में 5 खिलाड़ियों ने तैराकी की अलग-अलग स्पर्धा में हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता लखनऊ में 31 मई से 1 जून तक खेली गई। इसमें वाराणसी के दो खिलाड़ियों ने छह पदक जीते। इसमें अनुराग ने पांच स्वर्ण जबकि सत्यम साहनी ने कांस्य पदक जीता।

जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारियों ने सर्व सम्मति से अमित पांडेय को ताइक्वांडो संघ का चेयरमैन मनोनीत किया है। जिला ताइक्वांडो संघ वाराणसी के अध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह ने अमित पांडेय को इससे संबंधित पत्र सौंपा। इस मौके पर संघ के मनीष सिंह, चंद्रभान पटेल, अमित रहे।

### मुक्केबाजी में हिस्सा लेने के लिए टीम रवाना

प्रादेशिक मुक्केबाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मंडलीय टीम के खिलाड़ी रविवार शाम झांसी रवाना हो गए। प्रतियोगिता में आठ राष्ट्रीय खिलाड़ी मुक्के का दम दिखाएंगे। मुक्केबाजी कोच दीपिका तिवारी ने बताया कि मंडलीय टीम में 22 शामिल हैं। पुरुष वर्ग में 13 और महिला वर्ग में 9 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में शामिल होंगे।



कंचनपुर निवासी शिवाय सिंह ने जयपुर रॉयल बिलो 1800 फिडे रेटिंग शतरंज टूनामेंट जीत लिया है। 8 साल की उम्र में एक लाख रुपये की इनामी प्रतियोगिता जीतने वाले जिले के पहले खिलाड़ी बन गए है। उन्हें डॉ. श्वेता भारती, विनीत तिवारी ने बधाई दी है।

हॉकी वाराणसी की ओर से पांच किमी वॉक रेस हुई। कोच इदरीश अहमद की देखरेख में खिलाड़ियों ने फिट है तो हिट है के नारे के साथ चांदमारी चौराहे से खुशहाल नगर तक दौड़ लगाई। इसमें कंचन पहले, सोनी दूसरे और आंचल तीसरे स्थान पर रही।

### सेवेन ए साइड हॉकी में आज खेलेंगी 20 टीमें

17वीं ओलंपियन विवेक सिंह प्राइजमनी हॉकी शिवपुर मिनी स्टेडियम में खेली जाएगी। प्रतियोगिता के पहले दिन तीन मुकाबले होंगे। अखिल भारतीय सेवेन-ए साइड सांध्यकालीन हॉकी 2 से 7 जून तक खेली जाएगी। आयोजक ओलंपियन राहुल सिंह ने बताया कि इसमें 20 टीमें खेलेंगी। यह प्रतियोगिता नॉक आउट के आधार पर खेली जाएगी। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया करेंगे। पहले दिन तीन मुकाबले होंगे।

केराकतपुर के वीपीएस में द्वितीय वाराणसी कप ओपेन रैपिड शतरंज रविवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गोविंद और महिला वर्ग में रुखसार बानो ओवरऑल विजेता बने। जिला शतरंज संघ के सचिव विजय ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रखर त्रिपाठी और आयुषी जायसवाल ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 ओपेन वर्ग में वैभव मौर्य, बालिका वर्ग में ऐसानी पाठक, अंडर-13 ओपन वर्ग में श्रेयश मिश्र बालिका वर्ग में विधि एंजेलिना, अंडर-9 ओपन वर्ग में मनन पांडेय, बालिका वर्ग में परीक्षिता दुबे ने स्वर्ण पदक जीता। 50 वर्ष से ऊपर के वर्ग में विजय शर्मा विजेता बने। निर्णायक की भूमिका कविता पटेल, तुषार सारस्वत, सहाब अहमद ने निभाई। इस मौके पर प्रवीण सिंह, विजय कुमार, दिनेश दत्त पाठक चंचल गांगुली मौजूद रहे। प्रादेशिक अंडर-13 सब जूनियर बैडमिंटन में वाराणसी की दो खिलाड़ियों ने पदक जीता है। वाराणसी उर्वशी सोनकर और प्रियंका ने रजत पदक जीता। जिला बैडमिंटन संघ के सचिव नागेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल में वाराणसी उर्वशी और प्रियंका की जोड़ी ने नोएडा की वान्या और गर्विता की जोड़ी से खेले गए मुकाबले में 21-17, 21-12 से उपविजेता बनी। यह प्रतियोगिता गाजियाबाद में खेली गई।

बनारस क्रिएटर्स क्रिकेट लीग के छठवें दिन खेले गए मुकाबले में भोजूबीर ब्लास्टर्स ने अस्सी अवेंजर्स को 30 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर भोजूवीर ब्लास्टर्स ने पहले बल्लेबाजी की। पहले ही ओवर में अस्सी अवेंजर्स के गेंदबाज विवेक ने भोजूवीर ब्लास्टर्स के विवेक, नीरज और आशीष के विकेट झटक लिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान शुभम और सुधीर ने पारी को संभाला।

### साइकिल रैली में शामिल हुए 250 खिलाड़ी

भारतीय खेल प्राधिकरण के वाराणसी सेंटर और यूपी खेल विभाग की ओर से फिट इंडिया मिशन के तहत संडे ऑन साइकिल का आयोजन किया गया। इसमें साई एसटीसी और खेल विभाग के करीब 250 खिलाड़ी शामिल हुए। रैली का उद्घाटन यूपी सरकार में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री गिरीश चंद यादव हरी झंडी दिखाकर किया। युवा खिलाड़ियों की साइकिल रैली सुबह 7 बजे डॉ. संपूणानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के गेट नंबर एक से शुरू होकर शहीद उद्यान पार्क होते हुए सिगरा पेट्रोल पंप से आईपी मॉल होते हुए फातमान रोड से यू टर्न लेकर वापस सिगरा पहुंचकर संपन्न हुई। स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने किया। इस मौके पर विधायक डॉ. अवधेश सिंह, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, एमलसी हंसराज विश्वकर्मा, साई सेंटर प्रभारी जेएस द्विवेदी मौजूद रहे।

## जीडीए सुपरवाइजर 2 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### मुरादनगर में भवन निर्माण के नाम पर ली घुस, एंटी करप्शन को देखकर जेई फरार






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुरादनगर थाना क्षेत्र में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों का भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। एंटी करप्शन टीम ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सुपरवाइजर को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जबकि मौके पर मौजूद जूनियर इंजीनियर अजीत कुमार मौके से फरार हो गया।

#### भवन निर्माण के लिए मांगे थे 5 लाख

पीड़ित सुरेंद्र कुमार निवासी सुराना, मुरादनगर के रावली रोड पर भवन निर्माण करवा रहे थे। पीड़ित का कहना है कि निर्माण कार्य के लिए विकास प्राधिकरण के जूनियर इंजीनियर द्वारा नक्शा पास के बिना ही भवन निर्माण को लेकर अवैध रूप से रिश्वत की मांग की जा रही थी।

जहां 5 लाख मांगे जा रहे थे।शिकायत मिलने पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाकर कार्यवाही करते हुए सुपरवाइजर राजकुमार को रिश्वत की रकम लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। जबकि जेई अजीत कुमार मौके से भाग निकला। फरार जूनियर इंजीनियर अजीत कुमार की तलाश की जा रही है। एक माह पहले मोदीनगर तहसील परिसर से भी एंटी करप्शन टीम ने एक लेखपाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ हो गिरफ्तार किया था।

# राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ ने किया संगठन का विस्तार

## संस्था सर्वसमाज की भलाई एवं उत्थान के लिए प्रतिबद्ध : पंडित आरडी शर्मा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवयुग मार्केट गाजियाबाद के जैन भोजनालय में सोमवार को राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ, मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने बताया, संगठन का विस्तार करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी गौतम बुद्ध नगर के कुलेसरा गांव निवासी पवन कुमार त्यागी को राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ में राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया। मनोज शर्मा को राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ में गाजियाबाद का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। भोवा पुर के ग्राम प्रधान सुनील वत्स को मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति में जिला अध्यक्ष गाजियाबाद मनोनीत किया।

पंडित आरडी शर्मा ने बताया हमारी संस्था सर्व समाज की भलाई के लिए कार्य करती है। हमारी संस्था आर्थिक रूप से गरीब परिवार की बेटियों की शादियां, हायर एजुकेशन में बेटियों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करना, समय-समय पर महिलाओं के सम्मान व उत्थान के लिए विचार गोष्ठियों का आयोजन करना, देश में उभरती हुई प्रतिभाओं का सम्मान करना आदि अनेक कार्य समय-समय पर करती रहती है।

नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री पवन कुमार त्यागी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को पूरे भारतवर्ष में मजबूत बनाने के लिए और गरीब असहाय पीड़ित लोगों के कल्याण के लिए अनुशासन में रहते हुए दिन रात कार्य करूंगा। जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रधान सुनील वत्स ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रभारी महेश शर्मा, अमरदत्त शर्मा, अमृता सिंह, प्रीति चंद्र राय, सुशील शर्मा, पिंटू शर्मा, दीपक त्यागी, विपिन अग्रवाल, मदन पाल शर्मा, सरिता यादव, अर्चना शर्मा आदि सम्मिलित रहे।




### मसाज वाले से पूछ लिया था उसने साहब के मटन प्रेम का राज

किस्से खुल रहे हैं तो पता चल रहा है कि साहब की सहजता पर मत जाना। साहब ने तो पता नहीं किसे किसे चला दिया। नेता जी पेशे से बारबर थे लिहाजा जानते थे कि कैसे एन्ट्री लेनी है। पहले उन्होंने साहब को मसाज के लिए राजी किया और मसाज वाले ने ये राज जान लिया कि साहब के नेम पर मत जाना। वो तो चिकन भी उतने प्रेम से उदरस्थ कर लेते हैं जितने प्रेम से वो मटन को आहार बनाते है। नेता ने मटन के जरिए ही एन्ट्री का बटन ढूंढ लिया था। सुना है कई फाईलें तो नेता एक भिगोना मटन में ही पास करा लाये थे। खैर अब नेता भी सनातनी हो चुके हैं और साहब भी रिटायर हो चुके हैं। इसलिए शांत ही रहने दो जुबान।


### आखिर बद्रीनाथा धाम की वीडियो को क्यों छुपा रहे हैं कमांडर के चौपड़ा

गुड़ खाना और गुलगुलों से परहेज करने वाली कहावत बद्रीनाथ वाली कथा में हो रही है। अगर गुपचुप ही आहुति करनी थी तो आधा शहर वहां साथ में करने क्या गया था। सुना है कि जो गये हैं वो नहीं डर रहे। लेकिन जो ले गये हैं उन्हें पता नहीं किस बात का डर लग रहा है। कथा सुनने वाले सुना रहे है कि वहां तो वीडियो भी बनी है लेकिन भगवा कमांडर के नए मीडियाई सलाहकार उसे छुपा रहे हैं। आखिर ऐसा क्या हुआ है बद्रीनाथ में जो कमांडर के चौपड़ा उसे रिलीज नहीं कर रहे हैं। फूल वाले ही पूछ रहे हैं कि महाराज वहां कथा ही हुई है या कोई और व्यथा हो गई है जो बताना नहीं चाहते। ऐसा क्या वीडियो में है जिसे आप दिखाना नहीं चाहते। सब भगवान का नाम लेने ही तो गये थे। तो फिर भगवान का नाम लेने में क्या बदनाम होने का डर सता रहा है। खेमेबंदी तो हो चुकी और कमांडर जितना भी रोंके, आने वाले टाईम में बवंडर तो आयेगा ही।

### पांच लाख की कहानी में सुपरवाईजर सस्पेंड मगर जेई पर क्यों मेहरबानी

किस्सा विकास वाले महकमें से बाहर आया है। पता चला है कि यहां एक ईंट का विकास भी बिना लेन-देन के नहीं होता है। शोर तो इस बात का भी है कि रेजीडेंस में पर फ्लोर के हिसाब से पैसे हैं और कार्मिशियल में शटर के हिसाब से रेट है। किस्सा उस कहानी का गूंज रहा है जिसमें पांच लाख रूपये दिये गये और इसे प्रसाद बताया गया। देने वाले ने वीडियो बना ली और लेने वाला पूरी तरह कैप्चर हो गया। सुना है मामला बड़े साहब तक पहुंच गया। इसके बाद सुपरवाईजर तो सस्पेंड हो गया लेकिन उस अवर अभियन्ता का कुछ नहीं हुआ जो पांच लेने को राजी नहीं था और 15 लेने के बाद वो राजी हो जाता। किस्सा विकास वाले महकमें से लेकर फूल वालों तक गूंज रहा है। सुना है साहब ने भी सबूतों के आधार पर एक्शन लिया है। फिल्म अगर सुपरवाईजर की बनी है तो कार्यवाही का जुलम ही उसी पर हुआ है।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल के 12 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस में सफलता अर्जित की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जे०ई०ई० एडवांस परीक्षा का सोमवार को परिणाम घोषित किया गया, जिसमें नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद के छात्रों ने एक बार फिर आशातीत सफलता प्राप्त की। कुल 12 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की, जो विद्यालय, विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए हर्ष का विषय है। इन छात्रों की सीखने के प्रति समर्पण, स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण के साथ-साथ समयबद्ध अध्ययन व दृढसंकल्प के कारण स्कूल को इतने उत्कृष्ट परिणाम मिले हैं। सफल छात्रों का ब्यौरा इस प्रकार है-सक्षम गर्ग, क्रियांश गर्ग, आराध्या अग्रवाल, मानव यादव, पार्थ गोयल, वेदास्तव मिश्रा, ओजस सचदेवा, वात्सल्य श्रीवास्तव, प्रथित गोदाम, दिव्यांशी श्रीवास्तव, नोवेश कौशिक, विवान श्रीवास्तव।

इस अवसर पर स्कूल की एक्जीक्यूटिव हैड सुसन होम्स ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम छात्रों को भविष्य की उपलब्धियों के बारे में जानने व सुनने के लिए सदैव उत्सुक रहते हैं, क्योंकि ये सब ही अपने चुने हुए क्षेत्रों में कल के नेता होंगे। निदेशक डा० अरुणाभ सिंह के अनुसार, जेईई एडवांस परीक्षा दुनिया की कठिन परीक्षाओं में से एक है। मैं छात्रों व उनके अभिभावकों व अध्यापकों को शुभकामनाएं देता हूं, वे भविष्य में अच्छी शिक्षा ग्रहण करके एक सफल नागरिक व इंजीनियर बन सकें।

## क्रॉसिंग रिपब्लिक के जीएच 7 सोसायटी में 29 जून को होगा एओए का चुनाव



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित जी. एच. 7 सोसायटी में एओए के चुनाव व चुनाव से संबंधित कार्यक्रमों की तारीख का ऐलान हो गया है। मतदान एवं मतगणना की तारीख 29 जून 2025 रखी गई है।

वर्तमान एओए द्वारा समय से चुनाव नहीं करवाए जाने के कारण निवासियों को डिप्टी रजिस्टर कार्यालय गाजियाबाद का रुख करना पड़ा था। जिसके बाद डिप्टी रजिस्टर गाजियाबाद द्वारा दिनांक 29 मार्च 2025 को अपने आदेश में सोसायटी की वर्तमान एओए को कालातीत घोषित कर जिला कुष्ठ अधिकारी को सोसायटी का निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था एवं एक माह में चुनाव करवाने के आदेश दिए थे।

लेकिन काफी समय से तत्कालीन कालातीत एओए के पदाधिकारियों द्वारा कई मीटिंग और आदेश जारी किए जाने के बाद भी नामित चुनाव अधिकारी को कोई सहयोग प्राप्त नहीं हुआ जिस कारण 2 महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सोसायटी में निर्वाचन सम्पन्न नहीं हो सके।

निवासियों द्वारा चुनाव एवं चुनाव से संबंधित कार्यक्रमों की तारीख घोषित किए जाने को लेकर लगातार नामित चुनाव अधिकारी एवं डिप्टी रजिस्ट्रार गाजियाबाद से निरंतर संपर्क स्थापित कर जल्द से जल्द चुनाव की तारीखों का ऐलान कर निष्पक्ष चुनाव करवाए जाने की मांग उठाई, जिसके परिणाम स्वरूप दिनांक 2 जून 2025 को नामित निर्वाचन अधिकारी (जिला कुष्ठ अधिकारी गाजियाबाद) द्वारा चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया गया। चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद चुनाव अधिकारी की तरफ से उनकी टीम द्वारा सोसायटी पहुंच कर चुनाव कार्यक्रम की जानकारी का आदेश सोसायटी एओए कार्यालय व सोसायटी के सभी टावर्स के नोटिस बोर्ड पर निवासियों की मौजूदगी में चस्पा किया गया।

### बकरीद पर हापुड़ में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** बकरीद के मौके पर शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और पुलिस अधीक्षक के.जी. सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने बकरीद को भाईचारे का त्योहार बताते हुए सभी समुदायों से मिल-जुलकर रहने की अपील की। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर सतर्क रहने को कहा।

पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी दी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे।

## पुलिस ने 10 घंटे में तलाशी गुमशुदा बच्ची, 155 सीसीटीवी खंगाले



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा की थाना फेज-1 पुलिस ने 155 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज चेक करके एक तीन साल की बच्ची को 10 घंटे में सकुशल बरामद किया। परिजनों का आरोप है कि बच्ची को उसके पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति अपने साथ ले गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना फेज-1 में की।पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर तत्काल तीन टीमों का गठन किया गया। महज कुछ ही घंटों में बच्ची को नोएडा के हाजीपुर सेक्टर-103 थाना सेक्टर-39 क्षेत्र से बरामद किया गया। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि सेक्टर-10 में कृष्ण मंडल परिवार के साथ रहते है। उनकी तीन साल की बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। अचानक वो गायब हो गई। काफी तलाश की लेकिन वो नहीं मिली। सेक्टर-9 में रहने वाला विष्णु मंडल भी उसी समय ये गायब है। बताया गया कि विष्णु मंडल मानसिक रूप से विक्षिप्त है।

परिवार को शक हुआ कि कही विष्णु मंडल ही बच्ची को लेकर गया है। उन्होंने थाना फेज-1 में पुलिस से शिकायत की। तीन टीमों का गठन किया गया थाना फेज-1 पुलिस ने तत्काल तीन टीमों का गठन किया। तीनों टीमों को अलग-अलग दिशा में सर्च के लिए भेजा गया। साथ मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया गया। इसके बाद नोएडा के आसपास परिजनों और अन्य लोगों से पूछताछ की गई। दिल्ली के बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन तक तलाशे गए। लेकिन बच्ची का पता नहीं चला। जिसके बाद फोटो दिखाकर उसकी तलाश की गई। बच्ची का हिंट मिलते ही पुलिस सेक्टर-103 पहुंची। 155 सीसीटीवी फुटेज देखी पुलिस की टीम ने सेक्टर 8, सेक्टर 9, सेक्टर 10, सेक्टर 11-12 के आस पास, सेक्टर 12- 22 चौराह, सेक्टर 19 , डीएम चौराह, कैलाश हॉस्पिटल के आस पास, रजनीगंधा चौक, सेक्टर 15, सेक्टर 16, दलित प्रेरणा स्थल, अमिताभ बच्चन पार्क, अट्टा मार्किट, सेक्टर 18, सेटर 126 थाना क्षेत्र, थाना सेक्टर 113, थाना फेस 2, थाना सेक्टर 58, आनन्द विहार बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन, कौशाम्बी बस स्टैंड, बोटेनिकल बस स्टेंड, थाना सेक्टर 49 व थाना सेक्टर 39 क्षेत्र में घूम फिरकर लगभग 155 सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया। इसके बाद बच्ची को हाजीपुर सेक्टर-103 से बरामद किया गया। बच्ची सकुशल है।

### बैठक





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सोमवार को डीसीपी सिटी जोन आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल द्वारा भारतीय चिकित्सा संघ सदस्यों के साथ कई गंभीर विषयों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई। इसमें समन्वय स्थापित करने से लेकर बीते दिनों विजयनगर के एक अस्पताल में डॉक्टरों व स्टाफ के साथ मारपीट के मामले के बाद सुरक्षा और कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही पुलिस के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सभी सदस्यों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आयोजित मीटिंग के दौरान जहां अधिकारियों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच परिचय कार्यक्रम भी रखा गया।




### कौन थ्री-स्टार आजकल सोशल मीडिया पर है एक्टिव

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं जिनकी सोशल मीडिया पर अपनी अगल ही फैन फालोइंगि हैं। कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक पुलिस को लेकर नए कमिश्नर के दिशा निर्देश का असर हो रहा है। इन दिनों ट्रैफिक पुलिस गाजियाबाद लगातार अपडेट सोशल मीडिया पर रहती है। तो तमाम तरीके के नए अभियान भी शुरू कर चुकी हैं। इसी के साथ आजकल ट्रैफिक वाले विभाग में एक थ्री-स्टार सोशल मीडिया पर जमकर एक्टिव नजर आ रहे हैं। वह अलग-अलग इलाकों और चौराहों पर लोगों को हेलमेट लगाने की सलाह दे रहे हैं। तो वहीं जाम और व्यवस्था का कारण बनने वाले ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को आगे सवारी नहीं बैठने की अपील भी कर रहे हैं। पहले मई और अब जून की भरी गर्मी में लोगों को सोशल मीडिया के जरिए यातायात का पाठ पढ़ने वाले थ्री-स्टार इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल भी हो रहे हैं। उनके कई तरीके के वीडियो सोशल मीडिया पर नजर आ रहे हैं। जिसमें वह ऑटो चालकों को कभी यातायात नियम पालन करने का संदेश देते हुए नजर आते हैं। तो कभी वह उनको बताते हैं कि अगर नहीं सुधरोगे तो चालान कटेगा और फिर नुकसान होगा। इसके साथ ही हेलमेट न पहनने वालों को लेकर भी वह कई तरीके की नसीहत सोशल मीडिया की अलग-अलग वीडियो में देते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं अब तो वह छुट्टी पर जाने के लिए प्लेस भी यहीं पर पूछ रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो ट्रैफिक इंस्पेक्टर का यह अंदाज यातायात व्यवस्था में सुधार और सड़क हादसों में कमी लाने के लिए कारगर साबित होता है तो इससे बेहतर बात कोई और नहीं हो सकती है। उधर पुलिस विभाग वाले भी उनकी इस मुहिम पर नजर रखे हुए हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो थ्री-स्टार ने जिस तरीके से सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए यातायात व्यवस्था में सुधार और नियमों का पालन करने वाला अभियान शुरू किया है, यह है कारगर साबित हो रहा है। देखना होगा आने वाले दिनों में इसमें उन्हें कितनी सफलता मिलती है। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वर्तमान में बड़ी संख्या में थ्री-स्टार हैं। उसमें इन दिनों देहात के सबसे खतरनाक माने जाने वाले इलाके के ट्रैफिक थ्री-स्टार आजकल सोशल मीडिया वीडियो को लेकर जमकर चर्चा में बने हुए हैं।



### जिम्स अस्पताल में लावारिस मरीज की देखभाल में लापरवाही

#### बाथरूम के पास पड़ा था मानसिक रोगी, हाथ पीटता रहा लेकिन मदद को कोई नहीं आया



**नोएडा (करंट क्राइम)।** जिम्स अस्पताल में एक लावारिस मानसिक रोगी की देखभाल में लापरवाही का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में मरीज बाथरूम के पास पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। वह अपने हाथों को पीट रहा था, लेकिन उसकी मदद के लिए कोई स्टाफ मौजूद नहीं था। अल्फा टू सेक्टर के अध्यक्ष सुभाष भाटी ने यह वीडियो बनाया। उन्होंने बताया कि शनिवार को अस्पताल में यह स्थिति देखी। मरीज मदद के लिए गुहार लगा रहा था। रिसेप्शन पर कोई नहीं था। दो वार्ड बॉय कमरे में फोन देख रहे थे। जिम्स के निदेशक डॉ. राकेश कुमार गुप्ता ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि मरीज साइकॉटिक है। उसे अन्य मरीजों की सुरक्षा के लिए बांधकर रखना पड़ता है।

## अवैध इमारत की तोड़ी सील, मुकदमा दर्ज

### प्राधिकरण की कब्जा प्राप्त जमीन पर बनी है बिल्डिंग, किया जाना था ध्वस्त




**नोएडा (करंट क्राइम)।** प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर बनी बहुमंजिला इमारत में लगी सील तोड़ने के आरोप में एक नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। केस नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल आठ के अवर अभियंता एसके वर्मा की ओर से दर्ज कराया गया है। पुलिस नामजद आरोपी से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। 21 मई को प्राधिकरण ने की थी सील शिकायतकर्ता के मुताबिक हाजीपुर गांव के खसरा संख्या 412 पर एटीएस हेमलेट सोसाइटी निवासी सुनील त्यागी द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। संबंधित भूमि नोएडा प्राधिकरण की कब्जा प्राप्त भूमि है। अतिक्रमण को रोकने के लिए प्राधिकरण की ओर से पुलिस स्टेशन पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए शिकायत पत्र भी दिया गया था। संबंधित भूमि पर बनी अवैध बिल्डिंग को प्राधिकरण द्वारा 21 मई को सील कर दिया गया ताकि अतिक्रमण करने वाले आगे कुछ न कर सकें।

छह लोगों जबरन बिल्डिंग में घुसे आरोप है कि 28 मई को पांच से छह लोगों ने प्राधिकरण की सील को जबरदस्ती तोड़कर अतिक्रमित बिल्डिंग में जबरन प्रवेश किया गया। आरोपियों ने अतिक्रमण की कार्रवाई को बढ़ावा दिया। जिन्हें सलारपुर पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी बुलाकर हैंडओवर कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को साक्ष्य भी उपलब्ध कराए है। प्राधिकरण की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ लगातार अलग-अलग थानों में केस दर्ज किया जा रहा है।

## 50 लाख का गांजा के साथ 5 गिरफ्तार

### थाइलैंड से शिलॉन्ग और फिर आता था नोएडा



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के थाना फेज-2 पुलिस व सीआरटी टीम ने पांच गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये लोग थाइलैंड से ओजी गांजा शिलॉन्ग मंगवाकर दिल्ली एनसीआर में में सप्लाई करते है। इनके पास अन्य दो और किस्म का गांजा बरामद किया गया। बरामद किया गया गांजा करीब 26.5 किलो है।

जिसकी कीमत 50 लाख रुपए के आसपास है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इनके कब्जे से 2 किलोग्राम ओजी गांजा, 8 किलोग्राम शिलोंग गांजा व 16.5 किलोग्राम मेंगो गांजा बरामद किया गया। ये लोग बाइक से एनसीआर में गांजा सप्लाई करते है। इनकी पहचान चंदन राव, अजीम, शमीम ये तीनों अनपढ़ है। वहीं बंटी कुमार और सूरज राव दोनों बीए पास है। इन पांचों को एक्सप्रेस वे रोड सेक्टर-93 कट के पास से गिरफ्तार किया गया। कॉलेज और सोसाइटी टारगेट डीसीपी ने बताया कि ये गांजा ठउफके कालेज, सोसाइटियों में सप्लाई करते है। ये पकड़े न जाए इसलिए एक जगह नहीं रहकर निरंतर स्थान बदलते रहते हैं।

इन सभी का कोई निश्चित ग्राहक नहीं होता। बल्कि यह मोल तोल करके जहां भी इनको अधिक दाम मिलता है। वहीं दही गांजा बेच देते है। वाट्स एप्प काल का प्रयोग कर बात करते थे ताकी पुलिस इनको ट्रैक न कर सके। गाजा सप्लाई करने के लिए बाइक का प्रयोग करते है। ट्रेन से लाते थे गांजा थाइलैंड से ओझी गांजा शिलांग आता है। वहां से ये लोग ओझी गांजा, शिलांग गांजा और मेंगो गांजा ये तीन किस्म का गांजा सामान के साथ दबाकर एनसीआर के प्रमुख स्टेशन से पहले उतार लेते है। वहां से बाइक के जरिए ये गांजा एनसीआर में लाते है और बेचते है। इनके मोबाइल से कई ग्राहकों के नंबर भी मिले है। जिसमें अधिकांश स्टूडेंट और पीजी में रहने वाले लोग है।

# स्पेनिश सीनेट के अधिकारियों से मिले भारतीय दल, ब्रिटिश थिंक टैंक के साथ सांसदों का मंथन



**सीनेट के अधिकारियों से मिला प्रतिनिधि मंडल स्पेन की राजधानी मैड्रिड में डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सीनेट में स्पेनिश सीनेट के अधिकारियों और सदस्यों से मुलाकात की**

**स्पेनिश।** काहिरा में सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत मिस्र में भारत के राजदूत सुरेश के रेड्डी ने काहिरामें एनसीपी-एसपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में ग्रुप-सात के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों का सफाया हुआ- भारतीय राजदूत लाइबेरिया के मोनरोविया में भारतीय राजदूत सुजान चिनॉय ने बताया कि, 'सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का कई देशों का दौरा भारत की एकता और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ एक स्वर में बोलने का प्रतीक है। इसमें किसी पक्ष या विपक्ष का सवाल ही नहीं उठता और न ही उठना चाहिए और यह प्रतिनिधिमंडल भी इसी एकता का प्रतीक है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो घटना घटी, वह पूरे देश के लिए त्रासदी बनकर आई है। हम आतंकवादियों की तरफ से मारे गए निर्दोष और नागरिकों के प्रति खेद और संवेदना व्यक्त करते हैं...ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया और बड़ी संख्या में पाकिस्तानी आतंकवादियों का भी सफाया कर दिया। यह ऑपरेशन एक बड़ी सफलता थी। जब पाकिस्तान ने मामले को बढ़ाया तो भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया। नतीजतन, पाकिस्तान को युद्ध विराम की मांग करने के लिए मजबूर होना पड़ा'।

मलयेशिया के कुआलालंपुर में जेडी(यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा, 'लोग कहते रहते हैं, 'आप ऐसे प्रतिनिधिमंडल में क्या कर रहे हैं जिसमें भाजपा के लोग हैं। आप वहां क्या कर रहे हैं?' हम यहां क्या कर रहे हैं? हम यहां वही कर रहे हैं जो देश के लिए जरूरी है। चाहे आप किसी भी पार्टी से हों, आज जरूरत है कि देश के पक्ष में एक आवाज उठे और हम यहां वही कर रहे हैं। जब मैं कहता हूं कि क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? - यह सवाल उन लोगों से पूछा जाना चाहिए जो ट्वीट कर रहे हैं और ऐसी बातें कह रहे हैं जो उत्साहजनक नहीं हैं, जब आप देश के लिए कुछ करना चाहते हैं'।

ब्रिटेन के थिंक टैंक के साथ प्रतिनिधिमंडल की चर्चा भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने लंदन में ब्रिटेन के थिंक टैंक के साथ बातचीत की।

# दुश्मन देश में शानदार ऑपरेशन, केवल सैन्य लक्ष्य निशाना, हमले के बाद जेलेंस्की का बयान



**कीव।** रूस के सैन्य ठिकानों पर हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, 'आज एक शानदार अभियान चलाया गया – दुश्मन की जमीन पर, केवल सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। विशेष रूप से उन उपकरणों को निशाना बनाया गया जिनका इस्तेमाल कर यूक्रेन पर हमला किया गया। बकौल जेलेंस्की, रूस को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने यूक्रेन की कार्रवाई पूरी तरह से उचित और न्यायसंगत बताया।


## यूक्रेन ने रूस को तर्कसंगत यथार्थवादी प्रस्ताव भेजा

जेलेंस्की ने लिखा, 'हम अभी भी पूर्ण और बिना शर्त संघर्षविराम (सीजफायर) का प्रस्ताव दे रहे हैं। ऐसे सभी तार्किक और सम्मानजनक कदमों की पेशकश भी कर रहे हैं। इससे एक स्थायी और विश्वसनीय शांति की ओर बढ़ा जा सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, रूस को हमने जो प्रस्ताव भेजा है वह तर्कसंगत और यथार्थवादी है।'

जेलेंस्की का दावा- रूस का दस्तावेज हमारे, तुर्की या अमेरिकी पक्ष के पास नहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, रूस के लोगों ने अपना ज्ञापन किसी के साथ साझा नहीं किया है। उनके प्रस्ताव का दस्तावेज हमारे, तुर्की या अमेरिकी पक्ष के पास भी नहीं है। जेलेंस्की ने कहा कि रूस का दस्तावेज नहीं होने के बावजूद, वह शांति की दिशा में बढ़ने की कोशिश करेगा।

अमेरिका ने भी दिया बयान, स्थायी शांति पर जोर पूरे घटनाक्रम पर अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने भी बयान जारी किया। उन्होंने कहा, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आज रूस के विदेश मंत्री लावरोव से बात की। बातचीत रूस के अनुरोध पर हुई। रुबियो ने राष्ट्रपति ट्रंप की यह बात दोहराई जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्थायी शांति हासिल करने के मकसद से रूस और यूक्रेन के बीच प्रत्यक्ष वार्ता जारी रखने की वकालत की थी।

# कनाडा में जंगल की आग का कहर, 25,000 से अधिक लोग सुरक्षित जगहों पर भेजे गए



**फ्लिन फ्लिोन।** कनाडा के तीन प्रांत मैनिटोबा, अल्बर्टा और सस्केचेवान में जंगल की भीषण आग ने तबाही मचा दी है। फलस्वरूप रविवार तक 25,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा चुका है। वहीं मैनिटोबा ने आपातकाल की घोषणा कर दी है और वहां से 17,000 से अधिक लोगों को निकाला गया है। अल्बर्टा से 1,300 और सस्केचेवान से करीब 8,000 लोगों को सुरक्षित किया गया है। दूसरी ओर धुएं की वजह से कनाडा और अमेरिका के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। अमेरिका के नॉर्थ डकोटा, मोंटाना, मिनेसोटा और साउथ डकोटा में हवा खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है।

जंगलों से फैली आग ने अब अपना भयंकर रूप ले लिया है। इसको लेकर सस्केचेवान के मुख्यमंत्री स्कॉट मोए ने कहा कि लगातार गर्म और सूखा मौसम आग को और फैलने का मौका दे रहा है। उन्होंने कहा कि अगले चार से सात दिन बेहद अहम हैं, जब तक बारिश न हो जाए।

**फ्लिन फ्लॉन और अन्य इलाकों में बिगड़े हालात :** मैनिटोबा के फ्लिन फ्लॉन कस्बे से 5,000 से ज्यादा लोग निकाले गए हैं। पास के क्रैनबेरी पोर्टेज में बिजली चली गई और 600 लोगों को अनिवार्य रूप से निकालना पड़ा। देखा जाए तो आग पास के सस्केचेवान क्षेत्र से शुरू हुई थी और जल्द ही मैनिटोबा तक फैल गई। वहीं धुएं के कारण वाटर बंबर्स (जल फेंकने वाले विमान) उड़ नहीं पा रहे हैं और एक ड्रोन के कारण बचाव अभियान भी बाधित हुआ है। हालांकि अमेरिका ने 150 दमकलकर्मी और एक एयर टैंकर कनाडा भेजने का वादा किया है।

# लकड़ी के डिब्बों में रखकर रूस भेजे गए ड्रोन यूक्रेन का ऑपरेशन स्पाइडर वेब ऐसे हुआ सफल





**कीव।** क्रेन ने रविवार को रूस में अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। यूक्रेन के ड्रोन ने रूस के अंदर घुसकर बड़ी तबाही मचाई और उसके पांच एयरबेस को निशाना बनाया। यूक्रेन ने अपने इस गुप्त अभियान को ऑपरेशन स्पाइडर वेब नाम दिया है। करीब डेढ़ साल की लंबी योजना के बाद यूक्रेन के हमले में रूस के 41 विमानों को निशाना बनाया गया। इसमें टीयू-95 और टीयू-22 रणनीतिक बमवर्षक और ए-50 रडार डिटेक्शन और कमांड विमान शामिल थे। अपने ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए यूक्रेन ने लकड़ी के डिब्बों में रखकर रूस तक ड्रोन भेजे थे।

डेढ़ साल से चल रही थी ऑपरेशन स्पाइडर वेब की तैयारी यूक्रेन डेढ़ साल से ऑपरेशन स्पाइडर वेब की तैयारी कर रहा था। ड्रोन को कैसे और कब लॉन्च करना है, बाकायदा इसकी पूरी योजना बनाई गई। यूक्रेन के ड्रोन रूस की सीमा के अंदर चार हजार किमी तक कैसे पहुंचें, इसका भी पूरा खाका तैयार किया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि डेढ़ साल से ज्यादा की योजना के बाद ऑपरेशन स्पाइडर वेब शुरू किया गया। हमने बड़े पैमाने पर किए इस हमले में 117 ड्रोन तैनात किए। इन ड्रोन ने लक्षित हवाई क्षेत्रों में क्रूज मिसाइल वाहकों के 34 प्रतिशत हिस्से को निशाना बनाया।रूस के हमलों का यूक्रेन ने पहले भी ड्रोन से जवाब दिया है। इस बार भी यूक्रेन ने ड्रोन का इस्तेमाल करके रूस को नुकसान पहुंचाया। यूक्रेन सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने बताया कि ऑपरेशन स्पाइडर वेब के लिए ड्रोन को पहले तस्करी के जरिये ट्रक में छिपाकर रूस की सीमा के अंदर पहुंचाया गया। इन ड्रोन को ट्रकों में लकड़ी के डिब्बे में छिपाया गया था। हमले के वक्त ट्रक की छत को खोला गया और ड्रोन ने हमले शुरू कर दिए। एसयूबी की ओर से जारी की गई तस्वीरों में परिवहन कंटेनरो में काले छोटे ड्रोन छिपे नजर आ रहे हैं। यूक्रेन ने ड्रोन से रूस में पांच एयरबेस पर तबाही मचाई। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया।

# ट्रंप के फैसलों पर चीन ने जताई नाराजगी, कहा- नए आर्थिक और व्यापारिक तनाव को भड़का रहा अमेरिका



**ताइपे।** चीन और अमेरिका के बीच चल रहे टैरिफ वार के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के चीनी छात्रों के वीजा रद्द करने और कंप्यूटर चिप निर्यात नियंत्रण निर्देश जारी करने के फैसले पर चीन ने नाराजगी जाहिर की है। चीन ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ने उसके हितों को नुकसान पहुंचाने वाले कदम उठाए हैं। साथ ही अमेरिका नए आर्थिक और व्यापारिक तनाव को भड़का रहा है।

चीन ने वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि ट्रंप के फैसले पिछले महीने जेनेवा में व्यापार चचाओं के दौरान बनी आम सहमति का उल्लंघन हैं। चीन-अमेरिका के संयुक्त बयान का जिक्र करते हुए मंत्रालय ने कहा कि चीन ने समझौते के बाद अमेरिका द्वारा लगाए गए जवाबी टैरिफ के विरुद्ध टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों को रद्द या निलंबित करते हुए समझौते पर अपनी प्रतिबद्धता बरकरार रखी है। जबकि अमेरिका ने एकतरफा ढंग से नए आर्थिक और व्यापारिक तनाव को भड़काया है। इससे द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापारिक संबंधों में अनिश्चितता और अस्थिरता बढ़ गई है। जबकि चीन अपनी प्रतिबद्धताओं पर कायम है।

चीन ने बदला लेने की धमकी देते हुए कहा कि चीन अपने हितों की रक्षा के लिए दृढ़ और सशक्त कदम उठाना जारी रखेगा। बयान में कहा गया कि खुद पर विचार करने के बजाय अमेरिका ने स्थिति को पलट दिया है। अनुचित रूप से चीन पर आम सहमति का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जो सरासर गलत है।

ट्रंप के बयान के बढ़ा विवाद चीन और अमेरिका के बीच विवाद ट्रंप के बयान के बाद बढ़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि 'बुरी खबर यह है कि चीन ने हमारे साथ अपने समझौते का पूरी तरह से उल्लंघन किया है, जो कुछ लोगों के लिए चौंकाने वाली बात नहीं है। अब 'मिस्टर नाइस गाइ' बनने की जरूरत नहीं है।' ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा कि वह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात करेंगे और कोशिश करेंगे कि कोई समाधान निकले। लगातार बढ़ रहा तनाव चीन अमेरिका के बीच लगातार तनाव बढ़ रहा है।

# दक्षिण कोरिया में तेज हुई चुनावी जंग, राष्ट्रपति पद की रेस में इन दो नेताओं में टक्कर



**सियोल।** पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल द्वारा देश में मार्शल लॉ लगाने के फैसले के बाद से दक्षिण कोरिया में बीते कई महीनों से राजनीतिक उठा-पटक का दौर जारी है। अब सभी की निगाहें इस सप्ताह होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर है। इस चुनाव में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार ली जे म्युंग और कंजर्वेटिव पार्टी उम्मीदवार किम मून सो के बीच कड़ी टक्कर है। नए राष्ट्रपति के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें वामपंथी और दक्षिणपंथी राजनीति के गहराते मतभेद, ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ लगाने का फैसला और उत्तर कोरिया की बढ़ती सैन्य ताकत से निपटना आदि प्रमुख हैं। तो आइए जानते हैं दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बारे में-60 वर्षीय ली डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार हैं और विभिन्न सर्वे में ली को राष्ट्रपति पद का सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार बताया जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति यून ने जब बीते साल दिसंबर में देश में मार्शल लॉ लगाया तो उनका विरोध करने वालों में ली जे म्युंग सबसे अहम व्यक्ति थे। ली ने बताया कि जब उनकी पत्नी ने उन्हें मार्शल लॉ लगने की खबरों के बारे में बताया तो पहले उन्हें लगा कि ये डीपफेक वीडियो है, लेकिन जैसे ही उन्हें अहसास हुआ कि सच में देश में मार्शल लॉ लगाया जा रहा है तो उन्होंने तुरंत अपनी पार्टी के नेताओं को संसद भवन पहुंचने का निर्देश दिया ताकि यून को रोका जा सके।

यून को महाभियोग के जरिए राष्ट्रपति पद से हटाने में भी ली जे म्युंग की भूमिका रही। ली तीसरी बार राष्ट्रपति पद की रेस में हैं। इससे पहले साल 2022 में भी वे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे और यून से करीबी मुकाबले में चुनाव हार गए थे। ली दक्षिण कोरिया के सबसे ज्यादा जनसंख्या वाले प्रांत ग्योंगी के गवर्नर रह चुके हैं और साथ ही सियोंगनाम शहर के मेयर भी रह चुके हैं। ली का कहना है कि वे देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर कर सकते हैं।

# पाकिस्तान के हैदराबाद में मंदिर की छह एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा, हिंदू समुदाय ने किया प्रदर्शन



**पाकिस्तान में अब मंदिरों की जमीनों को निशाना बनाया जा रहा है। सिंध प्रांत के शहर में एक मंदिर की छह एकड़ जमीन पर कब्जे के विरोध में हिंदू समुदाय के सदस्यों ने प्रदर्शन किया**

**कराची।** मूसा खातियान जिले के टांडो जाम शहर में महिलाओं और बच्चों सहित प्रदर्शनकारी पाकिस्तान दलित इत्तेहाद (पाकिस्तान द्रविड़ गठबंधन) के आह्वान पर सड़क पर उतरे।

प्रदर्शन के दौरान हिंदू समुदाय के नेता सीतल मेघवार ने बताया कि कुछ लोगों ने मूसा खातियान में शिव मंदिर शिवाला की जमीन पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। एक अन्य नेता राम सुंदर ने कहा कि मंदिर हमारे लिए पवित्र है और बिल्डरों ने मंदिर के आसपास की जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, जिसमें समुदाय के लिए श्मशान घाट भी शामिल है।

प्रदर्शनकारियों ने सिंध के प्रभावशाली काश्खेली समुदाय से संबंधित बिल्डरों के खिलाफ सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की टांडो जाम प्रेस क्लब के सामने प्रदर्शन के साथ विरोध प्रदर्शन का समापन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बिल्डरों ने शिव मंदिर तक जाने वाले रास्ते को भी बंद कर दिया है। पीडीआई के प्रमुख शिवा काछी ने कहा कि पुलिस और जिला प्रशासन को लिखित शिकायत देने के बावजूद कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। जमीन हड़पने वालों के राजनीतिक प्रभाव के कारण पुलिस अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार और स्थानीय अधिकारी इस पर ध्यान नहीं देते हैं तो वे अगले चरण में हैदराबाद शहर में विरोध प्रदर्शन करेंगे और न्याय के लिए अदालत का दरवाजा भी खटखटाएंगे।

सिंध प्रांत के टांडो जाम शहर के नजदीक बना मंदिर 100 साल पुराना है। शिव मंदिर और मंदिर के आसपास की करीब चार एकड़ जमीन का प्रबंधन एक समिति करती थी। मंदिर के पास ही हिंदुओं का अंतिम संस्कार स्थल भी है। यहां सालाना धार्मिक समारोह आयोजित किया जाता है। इलाके के हिंदू हर सोमवार को मंदिर में भजन गाते हैं।

# नशा मुक्ति केंद्र में लगी भीषण आग 12 लोगों की मौत और कई घायल



**स्थानीय प्रशासन ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच जारी है। साथ ही ये भी बताया जा रहा है कि हादसे में हताहत होने वालों का आंकड़ा अभी और भी बढ़ सकता है**

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां गुआनाजुआटो राज्य के सैन होसे इतुर्बे कस्बे में रविवार तड़के एक नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से 12 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 3 अन्य घायल हो गए।

**नगर प्रशासन ने व्यक्त की संवेदना :** मामले में नगर प्रशासन ने बयान में कहा कि हम उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपनों को खो दिया, जो अपनी लत से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। साथ ही प्रशासन ने यह भी कहा कि मृतकों के अंतिम संस्कार का खर्च वहन किया जाएगा।

**इससे पहले भी पांच लोगों की गई थी जान:** मेक्सिको की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जिस समय आग लगी, उस वक्त पीड़ितों को नशा मुक्ति केंद्र में बंद कर दिया गया था। बता दें कि इससे पहले फरवरी में भी मेक्सिको सिटी के एक नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से 5 लोगों की जान चली गई थी।

# नाम आंखों से दी गई कमल बाला गर्ग को श्रद्धांजलि





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता तथा समाजसेवी गौरव गर्ग की माता श्रीमती कमल वाला गर्ग का निधन 21 में को हो गया था। उनकी श्रद्धांजलि सभा 2 जून सोमवार को हिंदी भवन में आयोजित की गई। शोक सभा में सभी वर्गों के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्वर्गीय कमल बाला गर्ग को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चल रही थी एक शोक सभा? उस कार्यक्रम में बड़े नेता दे गये बड़ा संदेश? कहा हाउस टैक्स पर जनता को राहत मिलनी तय है? क्योंकि इस निर्णय से नाराज हैं पार्टी के शीर्ष स्तर पर बैठे बहुत बड़े फेस? उन्होंने मांग ली है इस मामले में पूरी रिपोर्ट? वो जनता को कर रहे हैं सपोर्ट? कहने वाले ने कहा उनकी नाराजगी जरूर देगी, देखना किसी ना किसी चेहरे को चोट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा मंडल अध्यक्षों की टीम जल्द होगी घोषित? नहीं रहने वाला है स्टोरी में कोई ट्विस्ट? मगर हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? भगवागढ़ के एक ठाकुर भगवा कमिश्नर के चाचा ने तैयार की है पूरी मंडल वाली लिस्ट? कहने वाले ने कहा लिस्ट को तैयार करने के लिए परिवारवाद को दिया गया है पूरी तहर से अंजाम? जैसा चाचा ने चाहा है, वैसे शामिल किये हैं ठाकुर कमिश्नर ने अपनी लिस्ट में नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वसुंधरा जी वाले एरिया में कौन कर रहा है नारियल पानी वाले को सपोर्ट? कहने वाले ने कहा मौजूदा पार्षद भी इस सपोर्ट से हैं अंजान? सुना है उनकी जानकारी के बगैर ही नारियल पानी वाला किसी दूसरे शिफारिश से कर रहा है काम? स्थानीय पार्षद नहीं ले रहे हैं फिर भी कोई एक्शन? वो दे रहे हैं संदेश, कि वो नहीं प्रभावित करना चाहते किसी गरीब चेहरे का काम? मगर इतना तो हमारा भी जानने का हक बनता है कि किसकी शह पर कर रहा है ये चेहरा नारियल पानी बेचने का काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बत्तीस मीटर सड़क वाली पार्षद का था कभी क्रान्तिकारी इतिहास? मुद्दा छोटा हो या बड़ा वो पूरी मजबूती से उठाती थी जनता की बात? मगर हम देख रहे हैं जहां तमाम पार्षद बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर कर रहे हैं जनता का सपोर्ट? ना जाने क्यों इस मैटर में मैडम पार्षद क्यों है खामोश? क्या वो दे रहीं हैं संदेश कि इस मैटर में नहीं है उनका जनता के साथ सपोर्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम पहली बार ऐसा देख रहे हैं साहब मंत्री जी जहां बढ़े हुए हाउस टैक्स के पक्ष में नहीं है? वहीं उनका कट्टर समर्थक जाट पार्षद इस मुद्दे पर नहीं है उनके साथ? जनहित से जुड़े मुद्दे पर ये जाट पार्षद है पूरी तरह खामोश? शायद ये इस मैटर पर किसी वाद से प्रभावित है? हमने पहले कभी नहीं देखा इस चेहरे को इस कदर रहते हुए खामोश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पिछले दिनों नदिया पार में हुआ था एक अपराधी चेहरे के साथ पार्टी के शीर्ष नेताओं के बीच फोटो खिंचवाने का विवाद? सुना है जाने अंजाने में इस चेहरे को नदिया पार के ही एक मैम्बर ले गये थे अपने साथ? हम आपको बता रहे हैं यहां पर अंदर की बात? जिस खेमे से जुड़े हुए हैं ये पार्षद? उसी खेमे से जुड़े हुए एक ओबीसी पार्षद ने डाली थी घी में आग? दूसरे खेमे के चेहरों को फोन करके दी थी इस ओबीसी मैम्बर जानकारी? शायद खेमे से जुड़े हुए प्रभावित पार्षद को नहीं लगी है इस बारे में जानकारी? खुद ही बैठकर अपनी ही काट रहा था पेड़ की डाल? कहने वाले ने कहा जब अपना ही विरोधी हो जाये? तो फिर होता है बड़ा बवाल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लग रहा है भगवा डागर भैया की मुरादनगर से चुनाव लड़ने की खत्म हो गई है आस? पता चला है अब वो इन्दिरा जी वाले एरिया में एक्टिव हो गये हैं साहब? हाल ही में उनकी शिकायत पर क्षेत्र से हुआ है अतिक्रमण का समाधान? सुना है उनकी इस सक्रियता पर पूरे धीरज से किसी मैम्बर ने खोली है जुबान? कहा है अब ये पालिका की जगह देख रहे हैं पार्षद बनने का रास्ता? लग रहा है इन्होंने खत्म कर दिया है मुराद पूरी करने वाले नगर से अपना वास्ता?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चाहते तो सोशल मीडिया पर नाराजगी दिखाने वाले और पार्टी के कार्यक्रम से दूरी बनाने वाले भगवा कमिश्नर को भगवा योद्धा कारण बताओ नोटिस भी कर सकते थे जारी? चाहते तो पूछ लेते कि हमें बतायें 20 मंडल अध्यक्षों मे से आप ही नाराज क्यों हुए, इसकी वजह सारी? मगर यहां पर भगवा योद्धा ने दिखाया बड़ा दिल? नहीं काटा मंडल अध्यक्ष को लेकर कारण बताओ नोटिस का बिल? अगर चाहते तो वो लगा सकते थे नोटिस देकर उनकी राजनीति पर डेंट? मगर भगवा योद्धा ने कार्यकर्ता को कोई नुकसान ना हो? इसलिए नहीं उठाया कोई भी कार्यवाही वाला स्टैण्ड?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह भगवा योद्धा ने सौंपा है रनिता मैडम को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों का आयाम? हम आपको बता रहे हैं काफी सोच समझ कर और मैडम सिंह की मैरिट को देखकर दिया है उन्होंने उनको इतना महत्वपूर्ण काम? कहने वाले ने कहा इस बात से आप हो जाओ आश्वास्त? मैडम सिंह की होनी है तरक्की? जिससे कईयों के अरमान होंगे ध्वस्त? उनको जरूर मिलेगा महिला कोटे में महामंत्री वाला सम्मान? हम पहले ही बता रहे हैं संगठन में भगवा योद्धा जब टीम बनायेंगे तब मैरिट पर ही करेंगे काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने किहम थे एक कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर एक पूर्व जिलाध्यक्ष मुरादनगर की घटना पर प्रकट कर रहे थे अपने विचार? कह रहे थे हमें कार्यक्रम के मौके पर समझ नहीं आई मंडल अध्यक्ष की नाराजगी? नाराजगी को प्रकट करने के वो और भी कई तरीके कर सकते थे तैयार? पूर्व अध्यक्ष ने कहा पालिका वाले कार्यक्रम में ये तो शुक्र है कि कर्मचारियों को बिठा कर कर लिया गया भीड़ का समाधान? अगर ये व्यवस्था नहीं होती तो किसी की नाराजगी की वजह से बिगड़ जाता पार्टी का काम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर होगा जिला टॉपर सक्षम पाठक का सम्मान

## कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट करेगी होनहार छात्र को सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों दसवीं और बारहवीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम आए थे। इसके बाद अब इसमें मेधावी और जिले-स्कूल टॉप करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस कड़ी में गाजियाबाद की कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राजेंद्र नगर सेक्टर-02 स्थित डीएलएफ पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र सक्षम पाठक 98.8% अंक हासिल करने पर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा उनको सम्मानित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में चैरिटेबल ट्रस्ट गाजियाबाद के अध्यक्ष हिमांशु लव, महासचिव वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले और सह महासचिव मनु वशिष्ठ शामिल होंगे और वह छात्र सक्षम पाठक को पुरस्कृत करेंगे।





### प्रमाण पत्र से लेकर सम्मान राशि दी जाएगी

करंट क्राइम : कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट गाजियाबाद के अध्यक्ष हिमांशु लव ने जानकारी दी है कि दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सक्षम पाठक को सम्मान राशि राशि 21 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया जाएगा। तो वही उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उनके बेहतर भविष्य की पदाधिकारी शुभकामना भी देंगे। बता दें कि गाजियाबाद में अलग-अलग कक्षाओं के टॉपर और जिले का प्रदेश और देश में नाम करने वाले विद्यार्थियों को कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सम्मानित करने का कार्यक्रम बनाया गया है। जो आने वाले दिनों में आयोजित किया जाएगा।

# पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों से की लखनऊ में भेंट





गाजियाबाद, करंट क्राइम। अपने लखनऊ प्रवास के दौरान गाजियाबाद से पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्या से उनके आवास पर स्नेहशील भेंट कर विभिन्न राजनीतिक विषयों पर चर्चा की।

# ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ दंपती

## गंवाए लाखों रुपये




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साइबर अपराधियों ने घर बैठे कमाई का लालच देकर आदित्य वर्ल्ड सिटी में रहने वाले दंपती से तीन लाख 68 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित दंपती की कुछ दिन पहले नौकरी चली गई थी। वे कमाई के लिए काम की तलाश कर रहे थे, इसी दौरान जालसाजों के शिकार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर मोबाइल नंबर और खाता नंबर के आधार पर वेवसिटी थाने में केस दर्ज किया गया है।


पीड़ित दंपती ने पुलिस को बताया कि वे दोनों नोएडा में एक ही कंपनी में काम करते थे। किसी कारण पिछले महीने उनकी नौकरी चली गई। नौकरी छूटने के बाद वे गुजारा करने के लिए ऑनलाइन काम की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने टेलीग्राम पर पार्ट टाइम काम का विज्ञापन देखा। मैसेज में मीशो ऑनलाइन शॉपिंग पर टास्क पूरा करने पर कमीशन मिलने की जानकारी दी गई थी। पहले टास्क में पैसा लगाना था। काम पूरा होने के बाद कमीशन के साथ पैसा वापस मिलना था। शुरूआत में उन्होंने 100 रुपये लगाकर टास्क पूरा किया। उसमें उन्हें 200 रुपये का पेमेंट मिला। इसके बाद उन्होंने 500 रुपये लगाए, जिसमें उन्हें एक हजार रुपये वापस मिले। इसके बाद वह टास्क के नाम पर पैसे लगाते रहे, लेकिन हर बार किसी न किसी बहाने से उनका पेमेंट रोक दिया जाता रहा। जब उन्होंने टेलीग्राम पर ही कस्टमर केयर से बात की, तो उन्हें बताया गया कि 20 टास्क पूरे करने के बाद वह सारा पैसा निकाल सकेंगे।

जब वह 17 टास्क पर पहुंचे, तो हर टास्क में चार और टास्क अपने आप होने लगे। पीड़ित ने दोबारा कस्टमर केयर से बात की, लेकिन उन्होंने वही बात दोहराई कि टास्क पूरा किए बिना पेमेंट नहीं होगा। परेशान होकर पीड़ित ने वेव सिटी थाने में केस दर्ज कराया है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कभी-कभी शब्दों के जरिए भी निशाना साधा जाता है। महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने फेसबुक पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में भगवान श्री राम है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है। तस्वीर के सामने स्वयं गोपाल अग्रवाल है। वह इस पोस्ट में सब्र की महिमा बता रहे हैं। गोपाल अग्रवाल ने अपनी पोस्ट में जय श्री राम के साथ एक संदेश दिया है। समझने वाले समझ रहे हैं और गोपाल अग्रवाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।